NEET Bulletin Helpline No.
8800265682
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

लखनऊ से प्रकाशित

वर्षः 13 अंकः 152 लखनऊ, रविवार 14 जनवरी 2024 मूल्यः 02 रुपये पृष्ठ- 08

## मोदी ने अटल सेतु को विकसित भारत का प्रतिबिंब बतायाय युवा उत्सव में वंशवाद की राजनीति पर निशाना

एजेसी। नई दिल्ली भगवान राम का नासिक से जुड़ाव का उल्लेख करते हुए कहा, ''भगवान राम ने यहां पंचवटी में काफी समय व्यतीत किया था। मैं लोगों से अपील करता हूं कि 22 जनवरी को (अयोध्या में) राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले, सभी मंदिरों और तीर्थस्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाएं।'' नासिक की अपनी यात्रा के दौरान मोदी ने भगवान राम के प्रख्यात कालाराम मंदिर में पूजा–अर्चना की और भजन–कीर्तन में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने झांझ–मजीरे भी बजाए। उन्होंने शहर में एक रोड शो भी किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि भारत का सबसे लंबा समुद्री पुल अटल सेतु बुनियादी ढांचा के क्षेत्र में देश की ताकत और



विकसित भारत के प्रतिबिंब का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि बड़ी विकास परियोजनाओं में अब देरी नहीं हो रही है जबकि 2014 से पहले केवल ''बड़े घोटाले'' ही चर्चा का विषय बनते थे। प्रधानमंत्री ने 17,840 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित अटल बिहारी वाजपेयी सेवारी–न्हावा शेवा अटल सेतु का उद्घाटन किया। दक्षिण मुंबई को नवी मुंबई में न्हावा–शेवा से जोड़ने वाला भारत का यह सबसे लंबा पुल होने के साथ देश का सबसे लंबा समुद्री पुल भी है। छह लेन का ट्रांस–हार्बर पुल 21.8 किमी लंबा है और 16.5 किमी लंबा सी–लिंक है। इस पुल के बनने से मुंबई और नवी मुंबई आने जाने में घंटों के बजाये महज 15–20 मिनट का समय लगेगा। पुल की आधारशिला दिसंबर 2016 में प्रधानमंत्री मोदी ने रखी थी। प्रधानमंत्री ने नवी मुंबई में एक कार्यक्रम में कहा कि जब उन्होंने इस परियोजना (तब इसे मुंबई ट्रांस–हार्बर लिंक या एमटीएचएल कहा जाता था) की आधारशिला रखी तो उन्होंने संकल्प लिया था कि देश में बदलाव आएगा। मोदी ने कहा कि कोविड–19 महामारी से बाधाओं के बावजूद पुल का निर्माण पूरा किया गया। उन्होंने कहा, ''(पूर्व में) लोग तंग आ चुके थे, जिस तरह बड़ी परियोजनाएं रुकी हुई थीं और उन्होंने उम्मीद छोड़ दी थी कि बड़ी परियोजनाएं कभी पूरी होंगी। लेकिन यह मोदी की गारंटी है कि देश बदलेगा।'' मोदी ने कहा कि 2014 से पहले बड़े–बड़े घोटाले चर्चा का विषय हुआ करते थे। उन्होंने कहा कि लेकिन 10 साल बाद बड़ी परियोजनाओं के पूरा होने की बात हो रही है। प्रधानमंत्री ने कहा, ''बीते 10 वर्षों में सपने सच हुए हैं। समुद्री पुल विकसित भारत का प्रतिबिंब है...यह भारत की ढांचागत शक्ति और एक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में आगे बढ़ने को दर्शाता है।'' उन्होंने कहा कि आगामी परियोजनाएं नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, मुंबई में तटीय सड़क, मध्य महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र में एयूआरआईसी (औरंगाबाद औद्योगिक शहर), मुंबई–दिल्ली औद्योगिक गलियारा और मुंबई–अहमदबाद बुलेट ट्रेन आने वाले वर्षों में महाराष्ट्र की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देंगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि अटल सेतु उनकी सरकार के ''विकसित भारत संकल्प'' का एक महत्वपूर्ण हिस्सा था।

## शविपक्ष के पास मुद्दा ही नहीं, JP Nadd बोले– वोट बैंक की राजनीति के लिए ये लोग देश को जातियों में बांट रहे



एजेंसी।
नई दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय राजनीति की संस्कृति को बदल दिया है, इसलिए विपक्ष को पता ही नहीं है कि क्या मुद्दा उठाएं। आज विपक्ष के पास मुद्दा ही नहीं बचा है। दिल्ली में बीजेपी मुख्यालय में शनमो नवमतदाताश अभियान के लॉन्च कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि लगभग 61: भारतीय जनसंख्या 35 वर्ष से कम है। यह हमारी ताकत, ऊर्जा और हमारी संपत्ति है। यह शविकसित भारतश बनाने में अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि आज के इस नवमतदाता कार्यक्रम में आप सभी युवाओं का जोश, उमंग और उत्साह देखकर हम सब भी उत्साहित होते हैं, और हमें लगता है कि जिस दिशा में हम लोग चल रहे हैं, वह दिशा आप सब के सहारे और आगे बढ़ेगी, और ताकतवर होगी। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय राजनीति की संस्कृति को बदल दिया है, इसलिए विपक्ष को पता ही नहीं है कि क्या मुद्दा उठाएं। आज विपक्ष के पास मुद्दा ही नहीं बचा है। उन्होंने साफ तौर पर आरोप लगाया कि वोट बैंक की राजनीति के लिए ये लोग (विपक्ष) देश को जातियों में बांट रहे थे, इसलिए मोदी जी ने कहा कि मेरे लिए सिर्फ चार ही जातियां हैं– महिला, युवा, किसान और गरीब। अगर इन चार जातियों का विकास होगा, तो देश का विकास होगा। उन्होंने कहा कि मोदी जी का एजेंडा है– विकसित भारत, सशक्त युवा, महिलाओं का सशक्तिकरण, किसानों का उत्थान, नव उद्यमियों का विकास... जबकि इंडी अलायंस का एजेंडा है मोदी हटाओ, परिवार बचाओ और प्रॉपर्टी बचाओ। उन्होंने कहा कि पहले भारत की सड़कों पर चलना, बैलगाड़ी से चलने के बराबर होता था। आज हाईवे, बाईपास, रैपिड रेल रोड ट्रांसपोर्ट का विकास किया जा रहा है। इंफ्रास्ट्रक्चर की दृष्टि से आज भारत सशक्त रूप से खड़ा है।

## संयोजक पद पर `इंडिया' गठबंधन में कोई विवाद नहीं,कोई चेहरा पेश करने की जरूरत नहीं पवार

एजेसी

नई दिल्ली उन्होंने कहा, उम्मीदवारों (लोकसभा चुनाव के लिए) के बारे में चर्चा नहीं हुई... हम सीट–बंटवारे पर चर्चा करेंगे। महाराष्ट्र में लोकसभा सीट को लेकर सीट–बंटवारे पर चर्चा हुई और इसे अंतिम रूप दिए जाने के बाद हम घोषणा करेंगे। पवार ने कहा कि 'इंडिया' गठबंधन की बैठक में संबंधित कार्यक्रमों और नीतियों पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि यह निर्णय लिया गया कि एक समिति बनाई जाएगी जो पूरे देश में सहयोगी दलों की संयुक्त रैलियां आयोजित करने पर फैसला करेगी। राम मंदिर मुद्दे पर पवार ने कहा, अयोध्या में राम मंदिर का कोई विरोध नहीं करता, लेकिन जिस मंदिर का निर्माण अभी पूरा नहीं हुआ है, उसमें प्राण–प्रतिष्ठा




समारोह आयोजित करने के राजनीतिक मकसद पर सवाल उठ रहा है। राकांपा अध्यक्ष शरद पवार ने शनिवार को कहा कि 'इंडिया' गठबंधन के सदस्यों के बीच संयोजक की नियुक्ति को लेकर कोई विवाद नहीं है, लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के लिए कोई चेहरा पेश करने की जरूरत नहीं है क्योंकि परिणाम घोषित होने के बाद नेता का चुनाव किया जा सकता है। उन्होंने कहा शनिवार को हुई 'इंडिया' गठबंधन के नेताओं की डिजिटल बैठक के दौरान संयोजक पद के लिए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का नाम सुझाया गया, लेकिन उन्होंने (कुमार ने) राय व्यक्त की कि पार्टी प्रमुखों की एक टीम बनाई जानी चाहिए और संयोजक नियुक्त करने की कोई आवश्यकता नहीं है। डिजिटल बैठक के दौरान 'इंडिया' गठबंधन के नेताओं ने गठबंधन के विभिन्न पहलुओं और अप्रैल–मई में होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा की। पवार ने बैठक में भाग लेने के बाद पुणे जिले के जुन्नार में संवाददाताओं से कहा, "गठबंधन के सदस्यों द्वारा (बैठक के दौरान) एक सुझाव दिया गया कि नीतीश कुमार को इसका संयोजक नियुक्त किया जाए, लेकिन उन्होंने (कुमार ने) कहा कि पार्टी प्रमुखों की एक टीम का गठन किया जाना चाहिए और संयोजक नियुक्त करने की कोई आवश्यकता नहीं है।" राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष ने कहा, ''वोट मांगने के लिए किसी चेहरे को आगे करने की जरूरत नहीं है।

## इंडिया' गठबंधन की बैठक में नीतीश को संयोजक बनाने का प्रस्ताव आया था संजय झा

'एजेंसी

नई दिल्ली इंडिया' गठबंधन का गठन केंद्र में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन(राजग) के विरोधी दलों को पिछले साल एक साथ लाने के कुमार के प्रयासों के बाद हुआ था। पटना साहिब से सांसद प्रसाद ने कहा, ''नीतीश बाबू ने मुझे उर्दू की पंक्ति 'बड़े बेआबरू होकर तेरे कूचे से हम निकले' की याद दिला दी।'' उन्होंने कहा, ''बैठक में, किसने इंकार किया, किन्हें इकरार किया, किसने तकरार किया, इसकी जांच के लिए एक एसआईटी का गठन किया जाए। उनके ('इंडिया' गठबंधन के) अगली सरकार बनाने की दूर–दूर तक कोई संभावना नहीं है। लेकिन हितों के बड़े टकराव को देखिए। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के एक करीबी सहयोगी ने शनिवार को पुष्टि की कि जनता दल (यूनाइटेड) प्रमुख को 'इंडिया' गठबंधन का संयोजक बनाने का 'प्रस्ताव' डिजिटल माध्यम से हुए गठबंधन नेताओं की बैठक में आया था। जद(यू) के राष्ट्रीय महासचिव संजय कुमार झा ने कहा कि कुमार ने इस पेशकश को अभी तक मंजूरी नहीं दी है, जिस पर पार्टी के अंदर चर्चा की जाएगी। उन्होंने यह दावा भी किया कि बिहार के मुख्यमंत्री कांग्रेस के किसी नेता के अध्यक्ष बनने के पक्ष में हैं। मुख्यमंत्री आवास के बाहर जब पत्रकारों ने उनसे पूछा तो झा ने कहा, ''हां, एक प्रस्ताव आया था।'' वह गठबंधन की सभी बैठकों में कुमार के साथ रहे हैं। उन्होंने कहा, ''मुख्यमंत्री ने अब तक इस प्रस्ताव को अपनी मंजूरी नहीं दी है।

## हर नागरिक का स्वास्थ्य बीमा सुनिश्चित करना हमारा प्रमुख लक्ष्य राजस्थान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

एजेंसी।
राजस्थान उन्होंने कहा कि ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' के तहत स्वास्थ्य शिविर लगाए जा रहे हैं। राज्य में शिविरों के दौरान 83 लाख से अधिक लोगों की स्वास्थ्य जांच की जा चुकी है। शिविरों में 33 लाख से अधिक आयुष्मान कार्ड के लिए केवाईसी करने के साथ 77 हजार से अधिक आयुष्मान कार्ड जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का संकल्प मूलभूत चिकित्सा सेवाओं को जन–जन तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा, ''आयुष्मान भारत योजना के तहत प्रदेश में प्रत्येक नागरिक का स्वास्थ्य बीमा सुनिश्चित करना ही हमारा प्रमुख लक्ष्य है।'' उपमुख्यमंत्री एवं आयुर्वेद मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि इस पद्धति को आगे बढ़ाने के लिए राज्य सरकार आवश्यक निर्णय लेगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने चिकित्सा को जनसेवा का श्रेष्ठ मार्ग बताते हुए शनिवार को कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत राज्य में प्रत्येक नागरिक का स्वास्थ्य बीमा सुनिश्चित करना ही हमारा प्रमुखा लक्ष्य है। शर्मा 'राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर' में इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सा परिषद की 13वीं राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। शर्मा ने कहा, ''जनसेवा का श्रेष्ठ मार्ग चिकित्सा है।'' उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रो–होम्योपैथी हर्बल चिकित्सा में औषधीय पौधों के रसों के जरिए उपचार किया जाता है। यह प्रभावी चिकित्सा पद्धति के रूप में उभर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा, ''राज्य के लिए गौरव की बात है कि राजस्थान इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सा पद्धति को मान्यता देने वाला देश में प्रथम राज्य है। सबसे पहले राजस्थान विधानसभा ने राजस्थान इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सा पद्धति विधेयक, 2018 पारित किया। इस पद्धति को आगे बढ़ाने और रोगियों को उपचार उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है।'' उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस संबंध में विशेषज्ञों की राय लेगी। इस पद्धति से जुड़े चिकित्सकों और संस्थाओं को पूरा सहयोग मिलेगा। एक बयान के अनुसार शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नये अखिल भारतीय




आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) खोलने के साथ ही आयुष मंत्रालय नयी आयुष पद्धतियों का निरंतर विकास कर रहा है। मुख्यमंत्री ने योग और स्वस्थ जीवनशैली के माध्यम से मानवता को निरोग और स्वस्थ रहने का संदेश दिया गया है। शर्मा ने कहा कि पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों से यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज का लक्ष्य हासिल करने में मदद मिल रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के अमृत काल में देश को स्वास्थ्य के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए सामूहिक प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' के तहत स्वास्थ्य शिविर लगाए जा रहे हैं। राज्य में शिविरों के दौरान 83 लाख से अधिक लोगों की स्वास्थ्य जांच की जा चुकी है। शिविरों में 33 लाख से अधिक आयुष्मान कार्ड के लिए केवाईसी करने के साथ 77 हजार से अधिक आयुष्मान कार्ड जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का संकल्प मूलभूत चिकित्सा सेवाओं को जन–जन तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा, ''आयुष्मान भारत योजना के तहत प्रदेश में प्रत्येक नागरिक का स्वास्थ्य बीमा सुनिश्चित करना ही हमारा प्रमुख लक्ष्य है।''

उपमुख्यमंत्री एवं आयुर्वेद मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि इस पद्धति को आगे बढ़ाने के लिए राज्य सरकार आवश्यक निर्णय लेगी। इस अवसर पर इलेक्ट्रो होम्योपैथी चिकित्सा परिषद की पुस्तिका का विमोचन और प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया गया। कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भीउपस्थित रहे।

## उमर अब्दुल्ला ने विधानसभा में फिल्म की शूटिंग की आलोचना की, हंसल मेहता ने कहा अपमानजनक

एजेंसी।
नई दिल्ली मेरे मन में आपके लिए बहुत सम्मान है लेकिन आपकी यह टिप्पणी बहुत अपमानजनक, प्रतिगामी और अदूरदर्शी लगता है। अब्दुल्ला ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा था, लोकतंत्र की जननी का असली स्थान, जहां अलग–अलग धर्मों, पृष्ठभूमि और विभिन्न हिस्सों से चुने हुए प्रतिनिधि और उनके दल राज्य के लोगों से जुड़े महत्व के मामलों पर कानून बनाते हैं, उस जगह को अब अभिनेता और अन्य कलाकार फिल्मों के सेट के रूप में उपयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह शर्म की बात है कि जम्मू–कश्मीर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार ने लोकतंत्र के प्रतीक को इस दुखद स्थिति में पहुंचा दिया है, जहां वे कभी बैठकर शासन किया करते थे। जम्मू–कश्मीर विधानसभा परिसर में एक फिल्म की शूटिंग को मंजूरी दिए जाने को लेकर



यक्ष उमर अब्दुल्ला द्वारा आलोचना किए जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए निर्देशक हंसल मेहता ने कहा कि इस तरह के अस्वाभाविक रवैये के कारण ही भारत को फिल्मों की शूटिंग के लिए अनुकूल स्थान नहीं माना जाता। जम्मू–कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री अब्दुल्ला ने शुक्रवार को विधानसभा परिसर के भीतर हुमा कुरैशी की फिल्म महारानी की शूटिंग की अनुमति देने के लिए जम्मू–कश्मीर प्रशासन की आलोचना की थी और इसे बेहद शर्मनाक बताया था। स्कैम 1992 और स्कूप जैसी बेहतरीन वेब

ने एक्स पर अब्दुल्ला की पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए इसे अपमानजनक और प्रतिगामी करार दिया। फिल्म निर्माता ने कहा, इसमें शर्म की क्या बात है? एक फिल्म को दिखाना कैसे लोकतंत्र या लोकतंत्र की जननी को अपमानित कर सकता है? अभिनेता, सहायक कलाकार सहित फिल्म सेट पर मौजूद सभी लोग इस देश के नागरिक हैं और उनके पास गरिमा के साथ काम करने का अधिकार है साथ ही वे सम्मान के भी हकदार हैं कम से कम आपके जैसे शिक्षित व्यक्ति को इसकी

कहा कि दुनिया भर के देशों में फिल्म निर्माताओं और अभिनेताओं को फिल्म की शूटिंग के लिए सार्वजनिक स्थानों, सरकारी भवनों और अन्य प्रतिष्ठानों का उपयोग करने की अनुमति होती है। फिल्म निर्माता ने कहा, इस अस्वभाविक रवैये के कारण ही भारत को शूटिंग के लिए अनुकूल स्थान नहीं माना जाता और हम अक्सर विदेश में शूटिंग करना पसंद करते हैं। मेरे मन में आपके लिए बहुत सम्मान है लेकिन आपकी यह टिप्पणी बहुत अपमानजनक, प्रतिगामी और अदूरदर्शी लगता है। अब्दुल्ला ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा था, लोकतंत्र की जननी का असली स्थान, जहां अलग–अलग धर्मों, पृष्ठभूमि और विभिन्न हिस्सों से चुने हुए प्रतिनिधि और उनके दल राज्य के लोगों से जुड़े महत्व के मामलों पर कानून बनाते हैं, उस जगह को अब अभिनेता और अन्य कलाकार फिल्मों के सेट के रूप में उपयोग कर रहे हैं।

## संत कबीरनगर में पर्यटन विकास के लिए 09. 93 करोड़ रुपये की योजना स्वीकृत

### जिले में कठिनइयां नदी के तट पर बाबा लक्ष्मीदास कुटी का होगा पर्यटन विकास –जयवीर सिंह

संवाददाता

लखनऊ । प्रदेश में पर्यटन स्थलों के विकास के क्रम में संतकबीरनगर जिले में लगभग 9.93 करोड़ रुपये की योजना स्वीकृत हुई है। कठिनइयां नदी के तट पर स्थित बाबा लक्ष्मीदास कुटी के पर्यटन विकास समेत कई और निर्माण कराए जाएंगे। इसके लिए प्रथम किश्त के रूप में दो करोड़ रुपये जारी किए जा चुके हैं। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने शुक्रवार को दी। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने बताया कि यह पावन स्थल जनपद संतकबीरनगर में नगर पंचायत हरिहरपुर के निकट कठिनइयां नदी के तट पर स्थित है। यहां रामनवमी, छठ, कार्तिक पूर्णिमा, शिवरात्रि, श्रावणमास आदि पर्व–त्योहारों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ होती है। यहां कनेक्टिविटी भी ठीक है। यह स्थल संतकबीर नगर मुख्यालय से 17 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है और निकटतम रेलवे स्टेशन खलीलाबाद है। यहां पर्यटक सुविधाओं को विकसित किया जाएगा। इसके साथ ही जेटी डेक भी बनेगा, मल्टीपर्पज हाल और कैफेटेरिया विकसित किया जाएगा। फव्वारा, पाथवे और ओपेन एयर थिएटर का भी निर्माण होगा। लैंडस्केप और बागवानी का कार्य कराया जाएगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश पर्यटन के क्षेत्र में तेजी से बढ़ रहा है। यहां पर्यटन स्थलों के साथ–साथ पर्यटक सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। हमारा प्रयास है कि पर्यटकों को न केवल आवश्यक सभी सुविधाएं मिलें बल्कि एक विशिष्ट अनुभव लेकर लौटें। इससे वे दूसरे लोगों को यहां के स्थलों और सुविधाओं से अवगत कराएंगे तो पर्यटन का विकास होगा। अभी यूपी घरेलू पर्यटन के मामले में पहले स्थान पर है। संभावना है कि हम जल्द ही विदेश से पर्यटन के लिए आने वाले पर्यटकों के मामले में भी यह उपलब्धि हासिल करेंगे।

## वकीलों के वेश में कब्जा व हंगामा करने वालों की शिकायत के लिए प्रकोष्ठ गठित

### –डालीगंज स्थित जेसीपी कार्यालय के कमरा नंबर 36 में खुला प्रकोष्ठ का दफ्तर

संवाददाता।

लखनऊ । उच्च न्यायालय, इलाहबाद खण्डपीठ लखनऊ में योजित रिट याचिका संख्या 8810ध2023 अनिल कुमार खन्ना बनाम उत्तर प्रदेश सरकार एवं अन्य संबद्ध रिट याचिकाओं में उच्च न्यायालय द्वारा समय–समय पर विभिन्न निर्देश निर्गत किये गये हैं। जिस क्रम में पुलिस आयुक्त, लखनऊ कमिश्नरेट द्वारा अधिवक्ताओं के वेश में आपराधिक तत्वों द्वारा संगठित गिरोह बनाकर दूसरों की भूमि, भवन, प्लॉट, प्रापर्टी आदि पर अवैध तरीके से कब्जा करने एवं अन्य आपराधिक गतिविधियों में लिप्त तथाकथित अधिवक्ताओं के विरुद्ध प्राप्त हो रही। शिकायतों की मॉनिटरिंग किये जाने के लिए संयुक्त पुलिस आयुक्त, कानून एवं व्यवस्था के अधीन एक विशेष प्रकोष्ठ गठित किये जाने का आदेश पारित किया गया है।जिस क्रम में संयुक्त पुलिस आयुक्त, कानून एवं व्यवस्था कार्यालय में उ.नि. स्तर के एक अधिकारी के नेतृत्व में यह प्रकोष्ठ गठित किया गया है।पुनरू उपरोक्त रिट याचिका अनिल कुमार खन्ना बनाम उत्तर प्रदेश सरकार में दो जनवरी को हुई सुनवाई के उपरान्त ने इस प्रकोष्ठ को समाचार पत्रों,



मीडिया व अन्य माध्यमों से व्यापक प्रचारित–प्रसारित किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।जिससे आम जनमानस को इस जांच प्रकोष्ठ के संबंध में जानकारी हो सके, जिस क्रम में आम जनमानस को इस सेल के बारे में जानकारी देने के लिए प्रेस, मीडिया के माध्यम से अनुरोध किया जा रहा है।यह सेल संयुक्त पुलिस आयुक्त, कानून एवं व्यवस्था कार्यालय में उ.नि.स्तर के अधिकारी के नेतृत्व में कक्ष संख्या–36 में गठित हुआ है, जिसका संपर्क मोबाइल नंबर (सीयूजी)– 9454400154 है, व सब इंस्पेक्टर रामेश्वर तिवारी मोबाइल– 9454634500 नियुक्त हैं। जिसमें अधिवक्ताओं के वेश में अपराधियों द्वारा की जा रही आपराधिक गतिविधियों के विरुद्ध यदि किसी व्यक्ति को अपनी समस्या रखनी हो तो वह इस कार्यालय में उपस्थित होकर

### पीआईबी फोटो फीचर / बीच गेम्स 2024, दीव

# दीव में हुए पहले बीच गेम्स में मध्य प्रदेश चौंपियन बना

## नन्हे से लक्षद्वीप ने शक्तिशाली महाराष्ट्र को हराकर बीच साकर गोल्ड जीता

## दीव में हुए बीच गेम्स के सफल आयोजन ने समुद्र किनारे रोमांचक खेल आयोजनों की नींव रखी हैरू अनुराग ठाकुर

भारत के पहले मल्टी–स्पोर्ट्स बीच गेम्स "द बीच गेम्स 2024" का आयोजन दीव में ब्लू फ्लैग प्रमाणित घोघला बीच पर किया गया। इन खेलों में जमीन से घिरा हुआ मध्य प्रदेश चौंपियन बनकर उभरा। मध्य प्रदेश ने 7 स्वर्ण सहित कुल 18 पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि ने न केवल मध्य प्रदेश के दल की खेल क्षमता को दिखलाया, बल्कि इस राज्य के भीतर विकसित हो रही प्रतिभाओं की गहराई को भी सामने रखा। महाराष्ट्र ने 3 स्वर्ण सहित 14 पदक जीते, वहीं तमिलनाडु, उत्तराखंड और मेजबान दादरा, नगर हवेली, दीव और दमन ने 12–12 पदक हासिल किए। असम ने 8 पदक जीते, जिनमें से 5 स्वर्ण थे। बेहद दिलचस्प घटनाक्रम में लक्षद्वीप ने बीच सॉकर में स्वर्ण पदक हासिल किया, जो इस प्राचीन द्वीप क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने कड़े मुकाबले वाले फाइनल में महाराष्ट्र को 5–4 से हराया। लक्षद्वीप की जीत ने न केवल पदक विजेताओं की विविधता को बढ़ाया बल्कि दीव बीच गेम्स–2024 के समावेशी और राष्ट्रव्यापी असर को भी दिखलाया। 4–11 जनवरी तक खेलों की ये उत्कृष्टता अपने चरम पर रही। इस दौरान 205 मैच अधिकारियों के सहयोग से 28 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 21 वर्ष से कम उम्र के 1404 एथलीटों ने विभिन्न प्रकार के खेलों में भाग लिया।




इन खेलों को रोजाना 2 सत्रों में बांटा गया था। सुबह का सत्र सुबह 8 बजे से शुरू होकर दोपहर को समाप्त होता था, इसके बाद दोपहर का सत्र 3 बजे शुरू होता था। इस शेड्यूलिंग ने न केवल उपयुक्त मौसम में एथलीटों के प्रदर्शन को अनुकूलित किया, बल्कि उत्साही दर्शकों को भी एक अनूठा और आकर्षक विजुअल अनुभव मिला। इस दौरान रस्साकशी में रणनीतिक दमखम के प्रदर्शन, समुद्री तैराकी के लुभावने करतबों,पेंचक सिलाट की मार्शल आर्ट्स वाली कलात्मकता, मल्लखंब की कलाबाजियों, बीच वॉलीबॉल की तेज गति वाली उछल–कूद, बीच कबड्डी के रणनीतिक द्वंद्व और बीच सॉकर के बिजली सी फुर्ती वाले किक और गोल्स ने इस आयोजन को एक अनूठी ऊर्जा से भर दिया। बीच बॉक्सिंग के आगाज ने इस आयोजन में उत्साह की एक अतिरिक्त परत जोड़ दी। इसने प्रतिभागियों और दर्शकों दोनों को मंत्रमुग्ध कर दिया और देश की एथलेटिक यात्रा में ये एक विशेष क्षण बन गया। केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर इस आयोजन के लिए अपना समर्थन और उत्साह व्यक्त किया। उन्होंने लिखा, ष्एथलीटों की ऊर्जा और दीव की सुंदरता ने एक ऐसा माहौल बुना है जो पहले कभी नहीं देखा गया। ये मंत्रमुग्ध करने वाला और उत्साह बढ़ाने वाला है।ष उन्होंने कहा कि भारत के समुद्र तटों को एक नया जीवन प्रदान करने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन ने गुजरात के तट से कुछ दूर दीव में पहली बार हुए बीच गेम्स के साथ एक नया मोड़ ले लिया है। भारत के पास भौगोलिक दृष्टि से दुनिया के कुछ सबसे खूबसूरत समुद्र तट हैं। भारत के 12 समुद्र तटों को स्थायी पर्यटन को बढ़ावा देने वाले दुनिया के सबसे स्वच्छ समुद्र तटों वाला ब्लू फ्लैग प्रमाणन दिया गया है। हालांकि, देश के कई समुद्र तटों की उतनी यात्रा नहीं की गई है, जितनी की जानी चाहिए। इसलिए दीव बीच गेम्स की सफल मेजबानी एक सुखद खबर है।

# इवेन्टस की राजनीति' से जनता को भटकाना चाहती है भाजपा– अखिलेश यादव

संवाददाता।

लखनऊ । समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि आगामी 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव स्वतंत्र भारत में अब तक के हुए चुनावों में सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण और चुनौतीपूर्ण साबित होने वाले है। इन चुनावों के साथ ऐसे मुद्दे जुड़े हैं जिनका लम्बे समय तक असर होना है। लोकतंत्र और संविधान पर खतरा मंडरा रहा है। महंगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी चरम पर है। खासकर महिलाओं तथा बच्चियों की जिंदगी रोज–ब–रोज असुरक्षित होती जा रही है। भाजपा इन गंभीर सवालों से किनारा कर 'इवेन्टस की राजनीति' से जनता को भटकाना चाहती है।अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा की नफरती राजनीति का मुकाबला समाजवादी विचारध्ारा से ही हो सकता है। समाजवादी पार्टी विकास और निर्माण की बात करती है। उसकी नीति गरीबी और अन्याय के मुकाबले की है। समाजवादी पार्टी समाजवाद, लोकतंत्र और पंथनिरपेक्षता के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा को विकास कार्यों में दिलचस्पी नहीं है। वह संविधान को बदलने की साजिश कर रही है। सन् 2024 के चुनाव की गंभीरता को समझते हुए समाजवादी पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को विशेषकर इस बात पर ध्यान देना है कि मतदाता सूची में अपने समर्थकों के नाम न कटने पाए। भाजपा ने पिछले विधानसभा चुनाव में हजारों समाजवादी समर्थकों के वोटों के साथ हेराफेरी कर सत्ता पर जबरन कब्जा कर लिया था। जनता समाजवादी सरकार की उम्मीद कर रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि इस बार समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटों पर भाजपा–एनडीए को शिकस्त देने के लिए पीडीए, इंडिया गठबंध्ान को मजबूती देने के लिए संकल्पित है। पीडीए–इंडिया गठबंधन का जो भी प्रत्याशी घोषित हो उसे पूरी एकजुटता से जिताएंगे। कहा कि पीडीए–पिछड़ा दलित और अल्पसंख्यक, अगड़े सभी मिलकर भाजपा सरकार को हटाने के लिए संकल्पित है। समाजवादी पार्टी जातीय जनगणना कराकर सभी को समानुपातिक हक और सम्मान देने का काम करेगी। समाजवादी पार्टी सामाजिक न्याय की पक्षधर हमेशा से रही है। भाजपा जातीय जनगणना से बचना चाहती है ताकि उसे जातियों को उनका हक और सम्मान न देना पड़े। भाजपा सरकारी संस्थाओं का निजीकरण करके आउटसोर्सिंग के माध्यम से भर्ती करके आरक्षण को भी समाप्त करना चाहती है।

# उत्तर प्रदेश में क्राइम एनालिटिक्स एंड प्रिडिक्टिव पुलिसिंग पोर्टल शुरू

## तकनीकी सेवायें मुख्यालय द्वारा निर्मित किया गया क्राइम एनालिटिक्स एंड प्रिडिक्टिव पुलिसिंग पोर्टल



लखनऊ । सीएम योगी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में यूपी पुलिस को बेहतर व सुदृढ़ कानून–व्यवस्था की स्थापना, दंगा मुक्त प्रदेश बनाने, अपराध, अपराधियों पर अंकुश, महिलाओं, बच्चों–बुजुर्गों के लिए सुरक्षित माहौल देने, महिलाओं के विरुद्ध जीरो टालरेंस नीति अपनाते हुए अब तक कसौती में खरी उतरी है। इसी के तहत यूपी डीजीपी ने तकनीकी सेवा मुख्यालय द्वारा निर्मित क्राइम एनालिटिक्स एंड प्रिडिक्टिव पुलिसिंग पोर्टल की शुरूआत की। पुलिस महानिदेशक विजय कुमार ने बताया कि तकनीकी सेवायें द्वारा मुख्यालय से थाने स्तर की पुलिसिंग, पर्यवेक्षण, संसाधनों के उचितम प्रयोग व बिग डाटा एनालिसिस से क्राइम एनालिटिक्स एवं प्रिडिक्टिव पुलिसिंग का नया पोर्टल विकसिता किया है। चूंकी पुलिस बल के आध्ाुनिकीकरण,साफ्टवेयर, एप्लीकेशन, पोर्टल्स के निर्माण एवं आर्टिफिशल इन्टेलीजेंस की सहायता से स्मार्ट पुलिसिंग के दायित्वों की पूर्ति पुलिस मुख्यालय तत्पर है। डीजीपी ने बताया कि इस पोर्टल को इन हाउस विकसित किया गया है जो एक क्लिक पर विभिन्न अपराध डेटा का वर्गीकरण,विश्लेषण, क्राइम कलस्टर्स व हाटस्पॉट का चिन्हीकरण, इनका गूगलमैप पर अक्षांश–देशांतर सहित प्लाटिंग, अपराध पैटर्न व रूझान समझाना, जोन से थाने तक ड्रिल डान की सुविधा प्रदान कर सीसीटीवी व्यवस्थापन, फिक्स पिकेट, मोबाइल गश्त पार्टी, पीआरवी व्यवस्थापन, दबिश देकर गिरफ्तारी, बरामदगी करना एवं हाटस्पॉट पुलिसिंग से अपराधों में कमी लाना है। प्रत्येक तीन माह में फीडबैक के आधार पर समीक्षा एवं संसाधन आवंटन का किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पुलिस महानिदेशक मुख्यालय, जोन, परिक्षेत्र, जनपद, सर्किल, थाने स्तर तक वर्षवार अपराध आंकड़े, माहवार, ऋतुवार, पहरवार, प्रति घंटेवार अंधेरी–उजाली रातों के पैटर्न, मुख्य अपराध शीर्षकवार ट्रेंड देखकर, मैप पर प्लाट कर, हाटस्पॉट छांटे जा सकते हैं और जोन से थाने तक प्रत्येक शीर्षक में ड्रिल डाउन ऑपशन्स मौजूद हैं। डकैती, लूट, गृहभेदन, चोरी, पॉक्सो, महिला संबंधी अपराध, गोकशी, गौतस्करी के विशेष ट्रेंड्स निकाले गये हैं। जिनके आधार पर थानाध्यक्ष व प्रभारी निरीक्षक बीटवार प्लानिंग कर सकते हैं और यूपी पुलिस के मोटो जनसेवा, देशभक्ति, जनता के कल्याण और सेवा प्रथम को प्राप्त करने की ओर सार्थक कदम बढ़ा सकते हैं। इस पोर्टल की विशेषता सीसीटीएनएस के अधिकृत आंकड़ों का प्रयोग है। डीजीपी ने बताया कि इन–हाउस विकसित इस पोर्टल पर एक क्लिक करते ही क्षेत्र और जोन वार विभिन्न अपराध डेटा का उपलब्ध हो जाएगा। जिसके माध्यम से यूपी के हर जिले और स्थान के अपराध के हिसाब से पुलिस ड्यूटी से लगाकर उस पर लगाम करने में सहायक होगा।

# प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 1 ट्रिलियन डालर तक ले जाने हेतु हर नागरिक की अहम भूमिका– आशीष पटेल

## प्राविधिक शिक्षा मंत्री ने छात्र–छात्राओं को टैबलेट का किया वितरण

लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में युवाओं के लिए विभिन्न प्रकार की योजनायें संचालित की जा रही है। युवाओं को आधुनिक तकनीकों से सम्बन्धित कोर्स संचालित कर युवाओं को प्रशिक्षित करने का कार्य किया जा रहा है, जिससे उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर अधिक से अधिक मिल सके। संस्थानों में युवाओं को अच्छी शिक्षा देने के साथ ही शत–प्रतिशत प्लेसमेंट पर जोर दिया जा रहा है। योगी सरकार युवाओ के साथ कदम से कदम मिलाकर उन्हे आगे बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त कर रही है। उक्त बातें प्रदेश के प्राविध्ाक शिक्षा, उपभोक्ता मामले मंत्री आशीष पटेल ने शनिवार को हीवेट पालिटेक्निक में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कही।प्रावाधिक शिक्षा मंत्री ने हीवेट पालिटेक्निक में दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। उन्होंने स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत छात्र–छात्राओं को टैबलेट का वितरण किया। संस्थान के सत्र 2022–23 के अंतिम वर्ष के संस्थागत 280 छात्र–छात्राओं को टैबलेट प्रदान किया गया। मंत्री जी द्वारा वर्ष 1904 में स्थापित पॉलीटेक्निक संस्था हीवेट पॉलीटेक्निक, महानगर, लखनऊ परिसर में नवनिर्मित अनुसूचित जाति ध् अनुसूचित जनजाति के छात्रों हेतु ए.आई.सी.टी.ई., नई दिल्ली द्वारा वित्त पोषित 70 बेडेड छात्रावास का लोकार्पण भी किया गया। उन्होंने माँ सरस्वती एवं महात्मा गाँधी जी की प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया तथा संस्थान में रूद्राक्ष का पौधा भी रोपित किया। संस्थान के प्रधानाचार्य एवं पदाध्ाकारियों ने प्राविधिक शिक्षा मंत्री को सम्मानित करते हुए शाल, रामचरितमानस एवं नये अयोध्या मंदिर की आकृति भेंट की। प्रावाधिक शिक्षा मंत्री ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि योगी सरकार द्वारा प्राविध्ाक विभाग के संस्थानों को बेहतर करने का कार्य किया गया है, जिससे संस्थानों मे पढ़ने वाले छात्र–छात्राओं को शिक्षा का वातावरण मिल रहा है। उन्होंने छात्र–छात्राओं से कहा कि प्रदेश सरकार आपको रास्ता दे रही है, उस रास्ते पर चलकर प्रदेश और देश में अपने परिवार और संस्थान का नाम रोशन करें। उत्तर प्रदेश मे प्रतिभाओं की कमी नही है। अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन कर आगे बढ़ने का का कार्य करें। उन्होंने कहा कि प्राविधिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत संचालित परीक्षाओं को नकलविहीन सम्पन्न हो इसके लिए परीक्षाओं के सेंटर सिर्फ सरकारी संस्थाओं को देने का निर्णय लिया गया, जिसके परिणाम सकरात्मक मिले है। संस्थाओं में वर्तमान की जरूरत देखते हुए युवाओ के लिए नये कोर्सज संचालित किये गये है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 1 ट्रिलियन डालर तक ले जाने हेतु हर नागरिक की अहम भूमिका है। संस्था 'हीवेट पॉलीटेक्निक' को शत–प्रतिशत प्रवेश क्षमता के साथ एआईसीटीई नार्क्स के अनुरूप छात्रध्छात्राओं को शिक्षण–प्रशिक्षण प्रदान किये जाने पर मंत्री जी ने संस्था प्रधानाचार्य श्री कुन्दन सिंह की प्रशंसा की। इस अवसर पर विजय पाल सिंह, संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा (म०क्षे०), श्री अजीत कुमार मिश्रा, सचिव, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ०प्र०, डा० एस० अस्थाना, अध्यक्ष, प्रबन्ध समिति, सदस्य राजेश कुमार एवं संजय कुमार, विभिन्न सहायता प्राप्त पॉलीटेक्निकों के प्रधानाचार्यगण सहित संस्था के अधिकारी एवं कर्मचारीगण व छात्रध्छात्रायें उपस्थित रहे।

# भगवान राम सूर्य के उपासक थे, सौर ऊर्जा से सुसज्जित हो रही अयोध्या–ए.के. शर्मा'

## अयोध्या धाम पहुंचे ऊर्जा मंत्री, विद्युत व्यवस्था की ली जानकारी

## 15 मेगावाट का सोलर प्लांट बनकर तैयार, जल्द होगा उद्घाटन–ऊर्जा मंत्री

संवाददाता। लखनऊ । प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा आज शनिवार को अयोध्या धाम पहुंचकर ऊर्जा एवं अतिरिक्त स्त्रोत विभाग द्वारा कराए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया और सर्किट हाउस सभागार में कार्यों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान ऊर्जा मंत्री ने कहा कि भगवान राम सूर्य के उपासक थे, इसीलिए सौर ऊर्जा से अयोध्या को सुसज्जित करने का काम अतिरिक्त ऊर्जा विभाग ने किया है। अयोध्या को उत्तर प्रदेश की पहली सोलर सिटी बनाने का निर्णय लिया गया था, उस दिशा में काफी काम अयोध्या में हो चुका है। उन्होंने कहा कि 40 मेगावाट का सोलर प्लांट सरायरासी गांव में लगाया जा रहा है। 15 मेगावाट का प्लांट बनकर तैयार हो चुका है, उसके उद्घाटन की स्थिति में आ चुके हैं, उसी के साथ 98 सरकारी भवनों पर भी 3.2 मेगावाट का सोलर प्लांट लगाया जा रहा। शहर में हजारों सोलर स्ट्रीट लाईट लगाई जा रही है, लगभग 2500 सोलर स्ट्रीट लगाई जा चुकी है, हाई मास्ट लाइट लगाई गई है, 600 स्मार्ट स्ट्रीट लाइट भी लगाई जा रही है, सबसे आकर्षक है कि चौराहों पर 40 सोलर ट्री लगाए जा चुके हैं।

इसी प्रकार ऊर्जा विभाग द्वारा अयोध्या धाम की निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए सभी 33केवी, 11केवी और एलटी लाइनों को भूमिगत किया गया है। तीन पावर परिवर्तकों, 67 नए विद्युत वितरण परिवर्तको की क्षमता वृद्धि की गई है। ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने अयोध्या के सर्किट हाउस में लगे सोलर ट्री और सोलर पैनल का निरीक्षण किया। इसके पश्चात सभागार में उन्होंने अयोध्या में ऊर्जा विभाग द्वारा कराए जा रहे कार्यों में समीक्षा की। समीक्षा के दौरान मंत्री शर्मा ने अध्यक्ष आशीष गोयल की उपस्थिति में विद्युत व्यवस्था की जानकारी लेते हुए आगामी 22 जनवरी के कार्यक्रमों में निर्बाध एवं उच्च कोटि की विद्युत आपूर्ति के भी निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने प्राण प्रतिष्ठा से पहले विद्युत आपूर्ति व्यवस्था की गुणवत्ता का रिहर्सल करने के लिए भी कहा।

ऊर्जा मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि अयोध्या धाम भारत की प्रमुख आध्यात्मिक, सांस्कृतिक एवं पर्यटन नगरी बन रही है। पूरी दुनिया के लोग यहां आएंगे। इसलिए प्रधानमंत्री जी और मुख्यमंत्री जी की मंशा के अनुरूप अयोध्या की विद्युत व्यवस्था विश्वस्तरीय होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अयोध्या की विद्युत व्यवस्था ट्रिपिंग विहीन, उच्च गुणवत्ता की और आदर्श युक्त होनी चाहिए।

बैठक में मौजूद पावर कार्पोरेशन के अध्यक्ष श्री आशीष गोयल ने कहा कि अयोध्या धाम में जो भी कार्य हो रहे हैं, सभी शत–प्रतिशत मानक के अनुरूप होने चाहिए। इसमें जरा सी भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अध्यक्ष ने कहा कि अध्ाकारियों और कर्मचारियों की फीडर वार जवाबदेही तय हो। पूरे जनपद में ट्रांसफार्मर ओवरलोडिंग नहीं रहनी चाहिए। जर्जर तारों को बदलने के कार्य को शीघ्र पूरा किया जाए। ट्रांसफार्मर जले या क्षतिग्रस्त न हो इसके लिए उनके रख रखाव व अनुरक्षण पर पूरी सजगता रखी जाए। मानकों का पालन किया जाए और ट्रॉली ट्रांसफार्मर भी पर्याप्त संख्या में रखें और साथ ही पर्याप्त गैंग एवं आवश्यक सामग्री रखी जाए।अध्यक्षगोयल ने कहा कि ट्रिपिंग विहीन आपूर्ति के लिए मॉनिटरिंग की जाए। ट्रिपिंग दोबारा न हो इसके लिए सभी आवश्यक कार्य दुरुस्त कर लिए जाएं। व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए जिससे अयोध्या में 24 घंटे कटौती मुक्त और उच्च कोटि की विद्युत आपूर्ति प्राप्त हो सके। जनपद के हर घर में वैध कनेक्शन हों इसके लिए घर घर सर्वे किए जाएं। उन्होंने कहा कि सभी लाइनों, ट्रांसफार्मरों, पालों तथा सब स्टेशनों का निरीक्षण कर यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि सभी निश्चित मानकों के अनुरूप हैं। अध्यक्ष ने कहा कि कहीं भी किसी भी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना न हो।

# सड़कों पर अतिक्रमण रोकने तथा निर्बाध आवागमन के लिए रेलिंगग्रिल लगायी जाये – सुरेश कुमार खन्ना

## मंत्री सुरेश कुमार खन्ना आज प्रातः शहर में सफाई व्यवस्था देखने निरीक्षण पर निकले

सवाददाता।

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री तथा जनपद लखनऊ के प्रभारी मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने आज प्रातः शहर में सफाई व्यवस्था देखने निरीक्षण पर निकले। सर्वप्रथम उन्होंने अलीगंज स्थित हनुमान मंदिर में दर्शन करने के उपरांत श्रमदान के माध्यम से मंदिर परिसर में सफाई तथा पोंछा इत्यादि का कार्य किया।सुरेश कुमार खन्ना ने आज जनपद के चार वार्डो की शहर में हो रही सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने शहर के वार्ड नंबर 94 विवेकानन्द पुरी, वार्ड नंबर 68 राजेन्द्र नगर गणेशगंज, वार्ड नंबर 55 रानी लक्ष्मीबाई वार्ड तथा वार्ड नंबर 96 गोलागंज वार्ड का निरीक्षण किया । उन्होंने सभी स्थानों पर सड़क पर झाडू लगाने की स्थिति पहले से बेहतर पाया। मुख्य मार्गों पर कही कूड़ा बिखरा नही पाया। नगर आयुक्त को विवेकानंद वार्ड में स्थित कूड़ा घर को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विवेकानंद वार्ड के डंपिंग स्टेशन को सीमित तथा सेटराइट करना आवश्यक है ताकि कूड़े के इकट्ठा होने से सड़क अवरुद्ध न हो। उन्होंने राजेन्द्र नगर गणेश गंज के वार्डों के निरीक्षण के दौरान पाए गए चोक नालों की सिल्ट की सफाई के निर्देश दिए, जिससे सीवर का पानी सड़क पर ना आये। रानी लक्ष्मीबाई वार्ड में झण्डे वाले पार्क का गेट शीघ्र ठीक करने के भी निर्देश दिया। उन्होंने अध्ाकारियों को निर्देश दिया कि अमीनाबाद क्षेत्र में सड़कों पर ठेले लगने के कारण मार्ग अवरुद्ध हो जाता है, इसका स्थाई निदान करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सड़कों पर ग्रिल तथा सी.सी.टी.वी. कैमरे लगाये जाएं तथा हर हाल में मार्ग क्लियर किया जाये। इसके लिए उन्होंने नगर निगम को एक्शन प्लान बनाने तथा संमयबद्ध रूप से लागू करने के निर्देश दिए । गोलागंज वार्ड में भी ड्रेनेज व्यवस्था में सुधार करने के निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सड़कों पर अतिक्रमण न हो, इसके लिए रेलिंगध्ग्रिल लगायी जाये, जिससे आवागमन अवरुद्ध न हो।

# सी.एम.एस. छात्रा ने जीती रीजनल चैम्पियन ट्राफी



लखनऊ, 13 जनवरी। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर प्रथम कैम्पस की केजी की छात्रा सुवन संदीप पाण्डेय ने रीजनल एबेकस कम्पटीशन में चौम्पियन का खिताब अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता शैक्षिक संस्था ब्रेनोब्रेन के तत्वावधान में आयोजित हुई। सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट एवं एम.डी. प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने सुवन की बहुमुखी प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है प्रतियोगिता में कई विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग कर अपनी गणितीय प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. की इस प्रतिभाशाली छात्रा ने तार्किक एवं विश्लेषणात्मक प्रतिभा के दम पर एबेकस के माध्यम से विभिन्न ट्रिक्स अपनाकर गणित के सवालों के जवाब निकाले एवं अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रीजनल चौम्पियन ट्राफी अपने नाम की। आयोजकों ने इस प्रतिभाशाली छात्रा की बहुमुखी प्रतिभा की भूरि–भूरि प्रशंसा करते हुए प्रशस्ति पत्र व चौम्पियनशिप ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया।सी.एम.एस. छात्र न सिर्फ शैक्षिक क्षेत्र में अपितु समाज के अन्य बहुतेरे क्षेत्रों में भी विद्यालय का नाम राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर रहे हैं क्योंकि सी.एम.एस. अपने छात्रों के बौद्धिक विकास के साथ उन्हें सामाजिक गतिविधियों एवं रचनात्मक कार्यों के लिए विशेष रूप से प्रेरित करता है। यही कारण है कि सी.एम.एस. छात्र सदैव ही विभिन्न रचनात्मक एवं सृजनात्मक प्रतियोगिताओं में अपनी बहुमुखी प्रतिभा की छाप छोड़कर विद्यालय का गौरव बढ़ा रहे हैं।

# स्वच्छता अभियान के दौरान सभी धार्मिक, ऐतिहासिक, पर्यटक व सार्वजनिक स्थलों की साफ सफाई व कचरा मुक्त कर सुशोभन किया जाएगा – नगर विकास मंत्री

लखनऊ। प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने श्री अयोध्या धाम में पुरुषोत्तम भगवान श्री राम मंदिर का आगामी 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा के दृष्टिगत प्रदेश के सभी नगरीय निकायों को साफ सुथरा व कचरा मुक्त बनाकर सुंदर बनाने के लिए 14 जनवरी से 21 जनवरी, 2024 तक एक सप्ताह का साफ सफाई, स्वच्छता व सुशोभन का विशेष महाअभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस दौरान सभी निकायों में स्थित धार्मिक, आध्यात्मिक व तीर्थ स्थलों, ऐतिहासिक व पर्यटक स्थलों, पवित्र नदी घाटों एवं सार्वजनिक स्थलों पर विशेष साफ सफाई, स्वच्छता एवं सुशोभन का कार्य किया जाएगा, जिससे की प्राण प्रतिष्ठा के दिन सत्यम, शिवम्, सुंदरम की अवधारणा पर नागरिकों को खासतौर से शुद्धता, सुंदरता व स्वच्छता के माहौल का अलग ही अनुभव हो। इसके लिए 14 से 21 जनवरी तक एक सप्ताह का स्वच्छ तीरथ,क्लीन सिटी एवम् प्लास्टिक फ्री सिटी अभियान सभी निकायों में चलाया जाएगा। नगर विकास मंत्री ने कहा कि प्रध्ाानमंत्री का स्वच्छता पर सबसे अधिक जोर है, बगैर साफ सफाई और स्वच्छता के विकास व स्वास्थ्य की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि सफाई अभियान के दौरान प्रधानमंत्री की मंशानुरूप ही सभी धार्मिक स्थलों और उसके आसपास के क्षेत्र में साफ सफाई कराई जाएगी। इस दौरान मंदिर के ट्रस्ट और मैनेजमेंट पदाधिकारी तथा आमजान व स्वयं सहायता समूह के सहयोग एवं भागीदारी से सफाई व सुशोभन का कार्य सुनिश्चित कराया जाएगा तथा स्वच्छ भारत मिशन के मानकों के अनुरूप ही कूड़े कचरा का निस्तारण किया जाएगा तथा मंदिरों, पूजा स्थलों से निकले फूल आदि का रीसाइकल कर उपयोगी प्रोडक्ट भी बनाया जाएगा। सार्वजनिक शौचायलयों, गार्बेज पॉइंट की सफाई पर तथा सिंगल यूज प्लास्टिक की रोकथाम पर भी ध्यान दिया जाएगा। स्वच्छता की 03 आर प्रणाली रिड्यूस, रियूज, रिसाइकिल कॉन्सेप्ट पर कार्य किया जाएगा।

# रूस–यूक्रेन युद्ध में अब तक दोनों देशों को कितना नुकसान हो चुका है?

ब्रिगेडियर श्री डीएस त्रिपाठी जी (सेवानिवृत्त) ने कहा कि ”नुकसान ने रूस को अपनी लड़ने की क्षमता को बनाए रखने के लिए असाधारण उपाय करने के लिए मजबूर किया है। उन्होंने कहा कि रूस ने दोषियों और वृद्ध नागरिकों की सेना में भर्ती की अनुमति देने के लिए मानकों में ढील दी है। के खास कार्यक्रम शौर्य पथ में इस सप्ताह हमने ब्रिगेडियर श्री डीएस त्रिपाठी जी (सेवानिवृत्त) से जानना चाहा कि रूस–यूक्रेन युद्ध में अब तक दोनों देशों को कितना नुकसान हो चुका है? हमने यह भी जानना चाहा कि यह युद्ध अब किस दिशा में बढ़ता नजर आ रहा है। इसके जवाब में उन्होंने कहा कि हाल में अमेरिका की एक खुफिया रिपोर्ट सामने आई थी कि युद्ध में रूस को सैन्य स्तर पर इतना ज्यादा नुकसान हुआ है कि उसके पास मौजूदा कर्मियों में से 90 प्रतिशत या तो मारे गये या घायल हो गये। उन्होंने कहा कि समाचार एजेंसी रॉयटर्स के अनुसार, रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि नुकसान ने रूस के सैन्य आधुनिकीकरण को 18 साल पीछे धकेल दिया है।ब्रिगेडियर श्री डीएस त्रिपाठी जी (सेवानिवृत्त) ने कहा कि रिपोर्ट में यह भी कहा गया है, ”नुकसान ने रूस को अपनी लड़ने की क्षमता को बनाए रखने के लिए असाधारण उपाय करने के लिए मजबूर किया है।श्श उन्होंने कहा कि रूस ने दोषियों और वृद्ध नागरिकों की सेना में भर्ती की अनुमति देने के लिए मानकों में ढील दी है। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट में कहा गया है कि रूसी सेना ने 3,100 टैंकों के साथ युद्ध शुरू किया था जिसमें से उसने 2,200 खो दिए और उसे 1970 के दशक में निर्मित ज्62 टैंकों को हटाना पड़ गया। उन्होंने कहा कि वहीं दूसरी ओर न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट में अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से यूक्रेन में मरने वालों की संख्या 70,000 के करीब बताई गई थी। उन्होंने कहा कि इसके अलावा यूक्रेन की एक तिहाई से ज्यादा आबादी बेघर हो चुकी है जिसमें से अधिकांश देश छोड़ कर दूसरे देशों में शरणार्थी का जीवन जी रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक चीज साफ है कि यूक्रेन को भले जानमाल का ज्यादा नुकसान हुआ हो लेकिन प्रतिष्ठा रूस की भी घटी है। उन्होंने कहा कि आज रूस और यूक्रेन दोनों ही दूसरे देशों से हथियार मांग कर



युद्ध लड़ रहे हैं। फर्क यह है कि यूक्रेन मदद के तौर पर हथियार ले रहा है तो रूस पैसे देकर दूसरे देशों से हथियार ले रहा है। ब्रिगेडियर श्री डीएस त्रिपाठी जी (सेवानिवृत्त) ने कहा कि जहां तक ताजा हालात की बात है तो मेयर इहोर तेरेखोव ने बताया है कि दो रूसी एस–300 मिसाइलों ने पूर्वोत्तर खार्किव के केंद्र में एक होटल पर हमला किया, जिसमें पत्रकारों सहित 11 लोग घायल हो गए। इसके अलावा दो अपार्टमेंट ब्लॉक सहित कई अन्य इमारतें भी क्षतिग्रस्त हो गईं। उन्होंने कहा कि इसके अलावा खार्किव क्षेत्र के कुपियांस्क जिले के ओल्खोवत्का गांव पर रूसी निर्देशित बम हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि कम से कम 10 निजी घर, एक दुकान और एक स्कूल क्षतिग्रस्त हो गए। ब्रिगेडियर श्री डीएस त्रिपाठी जी (सेवानिवृत्त) ने कहा कि इसके अलावा रूस और यूक्रेन ने दक्षिण और पूर्व में अवदीवका, मरिंस्की, कुपियांस्क और खेरसॉन के आसपास अग्रिम पंक्ति में तीव्र लड़ाई की सूचना दी है। उन्होंने कहा कि रूस ने दावा किया कि यूक्रेन ने टकराव में कम से कम 450 सैनिकों को खो दिया है, जबकि यूक्रेन ने दावा किया कि उसने 800 रूसी सैनिकों को मार डाला है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा इस युद्ध में एक नया अपडेट यह है कि यूक्रेन ने एक नई ऑनलाइन सेवा की घोषणा की है जो रूसियों को यह पता लगाने की अनुमति देगी कि उनके जो परिजन सैनिक के रूप में यूक्रेन में लड़ रहे थे वह मारे जा चुके हैं या युद्धबंदी के रूप में यूक्रेन में मौजूद हैं।

# चीन में कोयले की खदान में धमाके से 10 लोगों की मौत, 6 अन्य घायल

सरकारी प्रसारक ‘सीसीटीवी’ ने बताया कि दुर्घटना शुक्रवार को पिंगदिंगशन में दोपहर लगभग दो बजकर 55 मिनट पर हुई। कहा जा रहा है कि हादसा संभवतरू कोयला और गैस में धमाके के कारण हुआ। बीजिंग। चीन के हेनान प्रांत में एक कोयले की खदान में हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई जबकि छह अन्य लोग लापता हैं। स्थानीय अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। सरकारी प्रसारक ‘सीसीटीवी’ ने बताया कि दुर्घटना शुक्रवार को पिंगदिंगशन में दोपहर लगभग दो बजकर 55 मिनट पर हुई। कहा जा रहा है कि हादसा संभवतरू कोयला और गैस में धमाके के कारण हुआ। सरकारी मीडिया संस्थान ‘चाइना डेली’ की खबर में स्थानीय अधिकारियों के हवाले से बताया कि हादसे में दस लोगों की मौत हो गई है। यह दुर्घटना ‘पिंगदिंगशान तियनान कोल माइनिंग कंपनी लिमिटेड’ की एक कोयला खदान में हुई। सरकारी समाचार एजेंसी ‘शिन्हुआ’ ने बताया कि जिस समय दुर्घटना हुई, खदान में कुल 425 लोग काम कर रहे थे,



जिनमें से 380 को बाहर निकाल लिया गया है। बचाव कार्य जारी है। कोयला खदान के प्रभारी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। चीन में खनन के दौरान दुर्घटनाएं आम हैं। हालांकि, हाल के वर्षों में मौतों की संख्या में कमी आई है। चीन दुनिया का सबसे बड़ा कोयले का उत्पादक और उपभोक्ता है।

# पाकिस्तान में ब्रिटेन की राजदूत ने किया पीओके का दौरा, भारत ने संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन बताया


मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने इस उल्लंघन पर भारत में ब्रिटिश उच्चायुक्त के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया है। विदेश मंत्रालय ने कहा, केंद्र शासित प्रदेश जम्मू–कश्मीर और लद्दाख भारत का अभिन्न अंग हैं, हैं और हमेशा रहेंगे। केंद्र सरकार ने शनिवार को इस्लामाबाद में ब्रिटिश दूत की पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) की हालिया यात्रा पर आपत्ति जताई। पाकिस्तान में ब्रिटेन की उच्चायुक्त जेन मैरियट ने 10 जनवरी को मीरपुर का दौरा किया था। विदेश मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि मैरियट की यात्रा अत्यधिक आपत्तिजनक थी और एक ऐसा कृत्य था जो भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन था। मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने इस उल्लंघन पर भारत में ब्रिटिश उच्चायुक्त के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया है। विदेश मंत्रालय ने कहा, केंद्र शासित प्रदेश जम्मू–कश्मीर और लद्दाख भारत का अभिन्न अंग हैं, हैं



और हमेशा रहेंगे। क्षेत्र की अपनी यात्रा के बाद, जेन मैरियट ने एक्स पर तस्वीरें साझा की थीं और कहा था कि 70 प्रतिशत ब्रिटिश पाकिस्तानी जड़ें मीरपुर से हैं। ब्रिटिश दूत ने कहा कि मीरपुर से सलाम, ब्रिटेन और पाकिस्तान के लोगों के बीच आपसी संबंधों का केंद्र! 70: ब्रिटिश पाकिस्तानी जड़ें मीरपुर से हैं, जिससे हमारा साथ मिलकर काम करना प्रवासी हितों के लिए महत्वपूर्ण हो गया है। आपके आतिथ्य के लिए धन्यवाद!

# अमेरिका में देखने को मिल रही रामलला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की धूम, लगाए गए कई बिलबोर्ड

अमेरिका के कई राज्यों की सड़कों के किनारे और शहरों में भी होर्डिंग लगाए गए हैं, जिसमें भगवान राम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की झलक देखने को मिल रही है। इन होर्डिंग के जरिए राम मंदिर को प्रदर्शित किया जा रहा है। इन होर्डिंग को विश्व हिंदू परिषद यूएस चौप्टर ने लगाया है। अयोध्या में राम मंदिर में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का भव्य समारोह आयोजित होने वाला है। इस भव्य समारोह से पहले दुनिया भर में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है, जो देश और दुनिया के राम भक्तों का उत्साह दर्शा रहे है। भारत के अलावा दुनिया के कोनों कोनों में भी राम भक्ती का रस देखने को मिल रहा है। ऐसा ही हाल अमेरिका में भी देखने को मिल रहा है, जहां भगवान राम के कई बड़े बड़े होर्डिंग लगाए जा रहे है। जानकारी के मुताबिक अमेरिका के कई राज्यों की सड़कों के किनारे और शहरों में भी होर्डिंग




लगाए गए हैं, जिसमें भगवान राम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की झलक देखने को मिल रही है। इन होर्डिंग के जरिए राम मंदिर को प्रदर्शित किया जा रहा है। इन होर्डिंग को विश्व हिंदू परिषद यूएस चौप्टर ने लगाया है। इन होर्डिंग में राम मंदिर निर्माण और भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह का संदेश प्रदर्शित किया गया है। जानकारी के लिए बता दें कि इन होर्डिंग्स को न्यू जर्सी, टेक्सास, न्यूयॉर्क, इलिनोइस, और जॉर्जिया सहित अन्य राज्यों में विशाल बिलबोर्ड के तरह लगाया गया है। अमेरिका में राम मंदिर से संबंधित लगाए जा रहे बिलबोर्ड की संख्या में भी इजाफा देखने को मिल रहा है। वहीं वीएचपी अमेरिकी शाखा के मुताबिक एरिजोना और मिसौरी राज्य में इससे संबंधित उत्सव की शुरुआत 15 जनवरी से होगी। इस उत्सव में भाग लेने के लिए लोग पूरी तरह से तैयार है। अयोध्या में आयोजित हो रहे कई कार्यक्रम न्यू जर्सी में हिंदू समुदाय में बेहद खुशी का माहौल बना हुआ है। यहां मंदिरों में भक्त बेसब्री से राम मंदिर में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह में हिस्सा लेने का इंतजार कर रहे है। पूरा अमेरिका भी राम मंदिर उद्घाटन समारोह के मौके पर राममय हो गया है। राम मंदिर के उद्घाटन और प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए कई रैलियों का आयोजन किया जा रहा है। ये है उद्घाटन का शुभ मुहूर्त अयोध्या में भव्य मंदिर के उद्घाटन के लिए कई गणमान्य अतिथियों को निमंत्रण भेजा गया है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का शुभारंभ 16 जनवरी को होगा जो कि आगामी सात दिनों तक जारी रहने वाला है।

22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए मात्र 84 सेकेंड का शुभ मुहूर्त निकाला गया है, जो 12.29 बजे से शुरू होकर 12.30 मिनट पर खत्म हो जाएगा। इन्हीं 84 सेकेंड के दौरान ही मृगशिरा नक्षत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रामलला की मूर्ति की आंखों से पट्टी हटाएंगे, और दिव्य दर्शन करने के बाद काजल और तिलक लगाकर भगवान रामलला की महाआरती करेंगे।

# अलगाववाद या स्वतंत्रता की किसी भी मुहिम को सख्ती से कुचलेंगे, ताइवान चुनाव के बीच चीन का सख्त संदेश

चीन ताइवान को अपने क्षेत्र का हिस्सा होने का दावा करता है और धमकी देता है कि अगर ताइपे ने अनिश्चित काल के लिए एकीकरण को अस्वीकार कर दिया तो वह उस पर हमला करेगा। बीजिंग ने सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी की निंदा की है। चीन की सेना ने ताइवान की स्वतंत्रता की किसी भी साजिश को कुचलने की कसम खाई है और ताइवान के मतदाताओं द्वारा नए राष्ट्रपति और संसद का चुनाव करने के लिए मतदान से कुछ घंटे पहले द्वीप के खिलाफ बल प्रयोग करने की अपनी धमकी की सख्त याद दिलाई है। चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता एक नियमित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पीपुल्स लिबरेशन आर्मी हर समय हाई अलर्ट पर रहती है। उन्होंने कहा कि सेना किसी भी रूप में श्ताइवान की स्वतंत्रताश अलगाववादी साजिशों को दृढ़ता से नष्ट करने और देश की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की दृढ़ता से रक्षा करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगी। चीन ताइवान को अपने क्षेत्र का हिस्सा होने का दावा करता है और धमकी देता है कि अगर ताइपे ने अनिश्चित काल के लिए एकीकरण को अस्वीकार कर दिया तो वह उस पर हमला करेगा। बीजिंग ने सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी की निंदा की है – जो देश को चीन का हिस्सा बताने से इनकार करती है खातरनाक अलगाववादियों के रूप में और मतदाताओं को शनिवार को अपने उम्मीदवार, वर्तमान उपराष्ट्रपति लाई चिंग–ते को चुनने के खिलाफ चेतावनी दी है। लाई को विभाजित विपक्ष के खिलाफ सबसे आगे देखा जा रहा है। वह कुओमितांग के होउ यू–इह




के खिलाफ खड़े हैं, जो सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी है और ताइवान को चीन के हिस्से के रूप में देखती है, लेकिन बीजिंग से असहमत है कि कौन सा राज्य उस राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करता है। ताइपे द्वारा अमेरिका से अधिक एफ–16 लड़ाकू विमानों की संभावित खरीद के बारे में एक सवाल का जवाब देते हुए, चीनी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने डीपीपी पर आरोप लगाया कि ष्ताइवान के लोगों ने अपने खून–पसीने से जो पैसा कमाया है, उसे अपने स्वार्थों की पूर्ति के लिए अमेरिकी हथियारों पर खर्च कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह मातृभूमि के पूर्ण एकीकरण की प्रवृत्ति को नहीं रोक सकता। ताइवान के वरिष्ठ राष्ट्रीय सुरक्षा अधिकारियों ने कहा कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि शनिवार के मतदान के तुरंत बाद बीजिंग बड़े पैमाने पर सैन्य युद्धाभ्यास करेगा, लेकिन चीन निश्चित रूप से देश पर अपना दबाव बढ़ाएगा।

# नेतन्याहू ने नरसंहार मामले को किया खारिज, एर्दोगन ने कहा– इजराइल को दोषी ठहराया जाएगा

इजराइल ने कहा कि अगर कुछ है तो वह हमास है जो नरसंहार का दोषी है। हालाँकि इस मामले को सुलझाने में वर्षों लगने की संभावना है, दक्षिण अफ्रीका अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय से गाजा पट्टी में इजराइल के सैन्य आक्रमण को तत्काल निलंबित करने का आदेश देने के लिए कह रहा है। इजराइल ने दक्षिण अफ्रीका द्वारा लगाए गए आरोपों को खारिज कर दिया है कि हमास आतंकवादी समूह के खिलाफ उसका अभियान फिलिस्तीनी लोगों के खिलाफ नरसंहार के समान है। संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत में सुनवाई के दूसरे दिन शुक्रवार को इजराइल ने कहा कि अगर कुछ है तो वह हमास है जो नरसंहार का दोषी है। हालाँकि इस मामले को सुलझाने में वर्षों लगने की संभावना है, दक्षिण अफ्रीका अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय से गाजा पट्टी में इजराइल के सैन्य आक्रमण को तत्काल निलंबित करने का आदेश देने के लिए कह रहा है। इस बीच, इजरायली सेना ने गाजा और वेस्ट बैंक में अपने हमले जारी रखे, जिसमें कुछ फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। 7 अक्टूबर को दक्षिणी इजराइल में हमास के घातक सीमा पार हमले के बाद से इजराइल ने वेस्ट बैंक को कड़ी पकड़ में रखा है। सेना अक्सर घातक सैन्य छापे मारती रहती है, उसका कहना है कि इसका उद्देश्य उग्रवाद को खत्म करना है। इजराइल ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत में दक्षिण अफ्रीका द्वारा लगाए गए आरोपों को झूठा और ष्बेहद विकृतष बताकर खारिज कर दिया कि गाजा में उसका सैन्य अभियान फिलिस्तीनियों के खिलाफ राज्य




के नेतृत्व वाला नरसंहार अभियान है। यह तर्क देते हुए कि वह खुद का बचाव करने के लिए काम कर रहा है और हमास से लड़ रहा है, फिलिस्तीनी आबादी से नहीं, इजराइल ने अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) से मामले को निराधार बताते हुए खारिज करने और आक्रामक को रोकने का आदेश देने के दक्षिण अफ्रीका के अनुरोध को अस्वीकार करने का आह्वान किया। राष्ट्रपति तैयप एर्दोगन ने शुक्रवार को कहा कि तुर्की फिलिस्तीनी नागरिकों के खिलाफ नरसंहार के आरोप में संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत में इजराइल के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका द्वारा लाए गए एक मामले के लिए दस्तावेज उपलब्ध करा रहा है। इस्तांबुल में पत्रकारों से बात करते हुए एर्दोगन ने कहा कि तुर्की गाजा पर इजरायल के हमलों पर दस्तावेज, ज्यादातर दृश्य प्रदान करना जारी रखेगा।

# अमेरिका शैतान है...ईरान समर्थित हूती पर अमेरिका–ब्रिटेन के हमलों के बाद यमन में हजारों लोगों ने किया प्रदर्शन

अमेरिका और ब्रिटेन ने रात भर में हौथी सैन्य ठिकानों पर दर्जनों हवाई हमले किए, जिससे गाजा में इजरायल के युद्ध से उत्पन्न क्षेत्रीय संघर्ष की लहर बढ़ गई। हूती सुप्रीम पॉलिटिकल काउंसिल के सदस्य मोहम्मद अली अल–हौथी ने संयुक्त राज्य अमेरिका का जिक्र करते हुए कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका शैतान है। लाल सागर नौवहन पर हूती आतंकवादियों के हमलों के जवाब में अपने देश पर अमेरिकी और ब्रिटिश हमलों की निंदा करने के लिए अपने नेताओं को सुनने के लिए शुक्रवार को हजारों यमनवासी कई शहरों में एकत्र हुए। अमेरिका और ब्रिटेन ने रात भर में हूती सैन्य ठिकानों पर दर्जनों हवाई हमले किए,



जिससे गाजा में इजरायल के युद्ध से उत्पन्न क्षेत्रीय संघर्ष की लहर बढ़ गई। हूती सुप्रीम पॉलिटिकल काउंसिल के सदस्य मोहम्मद अली अल–हौथी ने संयुक्त राज्य अमेरिका का जिक्र करते हुए कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका शैतान है। 7 अक्टूबर को हमास के आतंकवादियों द्वारा इजराइल पर हमला करने के बाद, जिससे गाजा पर इजराइल का हमला शुरू हो गया, ईरान–गठबंधन हौथियों ने शिपिंग लेन पर हमला करना और इजराइल की ओर ड्रोन और मिसाइलें दागना शुरू कर दिया, उन्होंने कहा कि वे तब तक नहीं रुकेंगे जब तक इजराइल का आक्रमण बंद नहीं हो जाता। हूती ने कहा कि वे 1,000 मील से अधिक दूर इजराइल की ओर जाने वाले सभी जहाजों को निशाना बनाएंगे और अंतरराष्ट्रीय शिपिंग कंपनियों को इजराइली बंदरगाहों का उपयोग करने के खिलाफ चेतावनी दी। हूती ईरान–गठबंधन प्रतिरोध की धुरी के कई समूहों में से एक है, जो इजरायल और अमेरिका के ठिकानों को निशाना बना रहे हैं क्योंकि उनके फिलिस्तीनी सहयोगी हमास ने 7 अक्टूबर को इजरायल में 1,200 से अधिक लोगों को मार डाला था। ये समूह अमेरिका, इजरायल के कब्जे में हैं निकटतम सहयोगी, संकट और इजराइल की व्यापक प्रतिक्रिया के दायरे के लिए आंशिक रूप से जिम्मेदार।

# बाइडेन द्वारा दबाव बनाए रखने की कसम खाने के बाद अमेरिका ने ईरान समर्थित हौथिस पर नए हमले किए

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन के प्रशासन द्वारा लाल सागर में शिपिंग की रक्षा करने की कसम खाने के बाद, दो अधिकारियों ने रॉयटर्स को बताया कि संयुक्त राज्य अमेरिका ने शुक्रवार को यमन की हौथी सेना के खिलाफ एक अतिरिक्त हमला किया। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन के प्रशासन द्वारा लाल सागर में शिपिंग की रक्षा करने की कसम खाने के बाद, दो अधिकारियों ने रॉयटर्स को बताया कि संयुक्त राज्य अमेरिका ने शुक्रवार को यमन की हौथी सेना के खिलाफ एक अतिरिक्त हमला किया। नवीनतम हमला, जिसके बारे में अमेरिकी अधिकारियों में से एक ने कहा कि एक रडार साइट को निशाना बनाया गया, ईरान समर्थित समूह की सुविधाओं पर दर्जनों अमेरिकी और ब्रिटिश हमलों के एक दिन बाद आया। नाम न छापने की शर्त पर अधिकारियों ने अधिक जानकारी नहीं दी। लाल सागर में हौथी हमलों को रोकने के अमेरिकी सैन्य प्रयास में रडार बुनियादी ढांचा एक प्रमुख लक्ष्य रहा है।

# चीन की धमकी के बीच नया राष्ट्रपति चुनने के लिए ताइवान में वोटिंग, अमेरिका और चीन के साथ ही विश्वभर की नजर

1996 में अपना पहला प्रत्यक्ष राष्ट्रपति चुनाव कराने के बाद से ताइवान एक लोकतांत्रिक सफलता की कहानी रहा है, जो सत्तावादी शासन और मार्शल लॉ के खिलाफ दशकों के संघर्ष की परिणति थी। ताइवान के राष्ट्रपति चुनावों के लिए शनिवार को मतदान शुरू हुआ। तदान सुबह आठ बजे शुरू होकर शाम चार बजे तक चलेगा। यहां, राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति को चुनने के लिए 1.95 करोड़ से अधिक लोग मतदान करेंगे। चुनाव पर अमेरिका और चीन के साथ दुनियाभर की नजर है। बीजिंग द्वीप पर अपनी संप्रभुता स्वीकार करने के लिए दबाव बढ़ा रहा है। 1996 में अपना पहला प्रत्यक्ष राष्ट्रपति चुनाव कराने के बाद से ताइवान एक लोकतांत्रिक सफलता की कहानी रहा है, जो सत्तावादी शासन और मार्शल लॉ के खिलाफ दशकों के संघर्ष की परिणति थी। सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (डीपीपी), जो ताइवान की अलग पहचान की वकालत करती है और चीन के क्षेत्रीय दावों को खारिज करती है, अपने उम्मीदवार, वर्तमान उपराष्ट्रपति लाई चिंग–ते के साथ कार्यालय में तीसरे कार्यकाल की मांग कर रही है।

# इंदौर पहुंचे विराट कोहली, रविवार को भारत बनाम अफगानिस्तान दूसरा टी20 मुकाबला

विराट कोहली शनिवार को इंदौर पहुंच गए हैं। जहां वो अफगानिस्तान के खिलाफ रविवार को होने वाले दूसरे टी20 मुकाबला खेलेंगे। विराट का इंदौर हवाई अड्डे पर जोरदार स्वागत हुआ। अफगानिस्तान के खिलाफ विराट कोहली पहले टी20 मुकाबले में नहीं खेले थे। भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली शनिवार को इंदौर पहुंच गए हैं। जहां वो अफगानिस्तान के खिलाफ रविवार को होने वाले दूसरे टी20 मुकाबला खेलेंगे। विराट का इंदौर हवाई अड्डे पर जोरदार स्वागत हुआ।



दरअसल, अफगानिस्तान के खिलाफ विराट कोहली पहले टी20 मुकाबले में नहीं खेले थे। उन्होंने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए पहले मैच से अपना नाम वापस ले लिया था।

# रिंकू सिंह की नींद में अफगान खिलाड़ी ने डाला खलल, ऐसा था भारतीय युवा बल्लेबाज का रिएक्शन



रहमानुल्लाह गुरबाज ने भारतीय बल्लेबाज रिंकू सिंह के साथ प्रैंक किया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। गुरबाज ने फ्लाइट में रिंकू की नींद हराम कर दी है। भारत और अफगानिस्तान के बीच इन दिनों तीन मैचों की टी20 सीरीज खेली जा रही है।अफगानिस्तान के ओपनर रहमानुल्लाह गुरबाज ने भारतीय बल्लेबाज रिंकू सिंह के साथ प्रैंक किया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। गुरबाज ने फ्लाइट में रिंकू की नींद हराम कर दी है। भारत और अफगानिस्तान के बीच इन दिनों तीन मैचों की टी20 सीरीज खेली जा रही है। भारत ने मोहाली में खेला गया पहला मुकाबला अपने नाम किया। वहीं दूसरी मुकाबला अब रविवार को इंदौर में खेला जाएगा। गुरबाज का प्रैंक वीडियो आईपीएल टीम केकेआर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। गुरबाज और रिंकू आईपीएल में केकेआर के लिए खेलते हैं। केकेआर ने वीडियो के कैप्शन में लिखा, ष्क्लासिक भाईचाराष वीडियो में देखा जा सकता है कि रिंकू की आंखें बंद हैं और गुरबाज उनकी नाम में उगंली डाल रहे हैं। इतने में ही रिंकू सकपका कर उठ जाते हैं, पहले तो वह सीरियस नजर आते हैं लेकिन बाद में वो मुस्कुराने लगते हैं। हालांकि, पहले मुकाबले में गुरबाज ने 28 गेंदों में 23 रन की पारी खेली थी। उन्होंने कप्तान इब्राहिम जादरान (25) के साथ मिलकर अर्धशतकीय ओपनिंग पार्टनरशिप की थी। वहीं रिंकू सिंह ने 9 गेंदों में नाबाद 16 रन बनाए।

# बंगाल क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे सकते है नजमुल खान, खेल मंत्री बनाए जाने की चल रही है अटकले

उन्होंने 7 जनवरी को हुए चुनाव में किशोरगंज–6 से जीत दर्ज की थी और इसके चार दिन बाद उन्हें युवा एवं खेल मंत्री पद सौंपा गया। इसके बाद उनके वर्तमान पद से हटने की संभावना है। नजमुल ने पत्रकारों से कहा,''मैं दोनों पदों पर बने रह सकता हूं। ढाका। नजमुल हसन आम चुनाव में जीत के बाद खेल मंत्री बनाए जाने के कारण बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) का अध्यक्ष पद छोड़ देंगे। नजमुल 2012 से बीसीबी के अध्यक्ष हैं। उन्होंने 7 जनवरी को हुए चुनाव में किशोरगंज–6 से जीत दर्ज की थी और इसके चार दिन बाद उन्हें युवा एवं खेल मंत्री पद सौंपा गया। इसके बाद उनके वर्तमान पद से हटने की संभावना है। नजमुल ने पत्रकारों से कहा,''मैं दोनों पदों पर बने रह सकता हूं। मंत्री पद हासिल करने और बीसीबी के पद से हटने के बीच कोई संबंध नहीं है क्योंकि पहले भी कई मंत्री इस तरह की भूमिकाएं निभा रहे थे। दूसरे देशों में भी ऐसा होता है और यह कोई मुद्दा नहीं है।'' उन्होंने कहा,'' लेकिन अच्छा होगा अगर ऐसा नहीं




होगा क्योंकि ऐसे में कहा जा सकता है कि मैं क्रिकेट को प्राथमिकता दे रहा हूं। खेल मंत्री होने के कारण मैं प्रत्येक खेल को प्राथमिकता में रखना चाहता हूं।'' बीसीबी के चुनाव अक्टूबर 2025 में होने हैं और नजमुल के पद छोड़ने की स्थिति में संचालन संस्था का कोई सदस्य यह पद संभाल सकता है।

# रविवार को सीरीज जीतने उतरेगी टीम इंडिया, विराट कोहली की होगी वापसी

भारत के कुछ खिलाड़ी रविवार को इंदौर में होने वाले दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में इसे हासिल करने के लिए बेताब होंगे, ताकि वह टीम में अपनी जगह पक्की करने के लिए दावा मजबूत कर सकें। अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज में जीत को अब भी क्रिकेट की बड़ी उपलब्धियां में नहीं गिना जाएगा लेकिन भारत के कुछ खिलाड़ी रविवार को इंदौर में होने वाले दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में इसे हासिल करने के लिए बेताब होंगे, ताकि वह टीम में अपनी जगह पक्की करने के लिए दावा मजबूत कर सकें। इससे पहले भारत ने मोहाली में खेले गए पहले मैच में 6 विकेट से जीत दर्ज करके तीन मैच की श्रृंखला में 1–0 से बढ़त बनाई। ऐसे में जितेश शर्मा, वाशिंगटन सुंदर और अक्षर पटेल जैसे खिलाड़ियों के लिए यह अनिवार्य हो गया है कि वह अफगानिस्तान के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करके चयनकर्ताओं की नजर में बने रहें जिनका लक्ष्य टी20 विश्व कप के लिए अदद टीम का चयन करना है। भारतीय टीम को जून में होने वाले विश्व कप से पहले कोई अन्य टी20 सीरीज नहीं खेली है और ऐसे में अफगानिस्तान के खिलाफ प्रदर्शन काफी मायने रखता है। जितेश ने ईशान किशन को पीछे छोड़कर विकेटकीपर



बल्लेबाज की दौड़ में खुद को आगे कर दिया है। उन्होंने निचले मध्यक्रम में कुछ अहम पारियां खेली हैं और वह अपना दावा पक्का करने के लिए बड़ी पारियां खेलने की कोशिश करेंगे। तिलक वर्मा का मामला भी ऐसा ही है। उन्होंने पिछले साल वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैच की श्रृंखला में 39, 51 और नाबाद 49 रन बनाकर शानदार शुरुआत की थी लेकिन इसके बाद वह अगली 13 पारियों में केवल एक अर्धशतक लगा पाए। इस 21 वर्षीय बल्लेबाज के लिए यह आंकड़े पर्याप्त नहीं होंगे और उन्हें बड़ी पारी खेलने की जरूरत है। हालांकि यह देखना होगा कि वह अंतिम एकादश में जगह बना पाते हैं कि नहीं क्योंकि स्टार बल्लेबाज विराट कोहली पहले मैच में नहीं खेल पाने के बाद इस मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे। चोटिल होने के कारण वनडे विश्व कप में नहीं खेल पाने वाले अक्षर अब सीमित ओवरों ही नहीं बल्कि टेस्ट मैचों में खेलने के लिए भी तैयार है। बाएं हाथ के इस स्पिनर को के खिलाफ पहले दो टेस्ट मैच के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। उन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ मोहाली में पहले टी20 मैच में 23 रन दे कर दो विकेट लिए थे। वह अगले मैच में भी अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। वाशिंगटन ने भी टीम में वापसी की है लेकिन वह पहले मैच में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए और ऐसे में उनकी निगाह दूसरे मैच पर टिकी होंगी। इंदौर की पिच अक्सर बल्लेबाजों के अनुकूल रही है और ऐसे में जितेश और वर्मा मौका मिलने पर इसका पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। भारतीय टीम अफगानिस्तान को हल्के से लेने की गलती नहीं करेगी क्योंकि उसके पास कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं। युवा रहमानुल्लाह गुरबाज, अजमतुल्लाह उमरजई और अनुभवी मोहम्मद नबी किसी भी तरह के गेंदबाजी आक्रमण को तहस नहस करने की क्षमता रखते हैं। गेंदबाजी विभाग में स्टार स्पिनर राशिद खान की अनुपस्थिति के बावजूद अफगानिस्तान के पास मुजीब उर रहमान जैसा उपयोगी स्पिनर है। तेज गेंदबाजी विभाग में नवीन उल हक और फजलहक फारूकी अच्छी भूमिका निभा रहे हैं। टीम इस प्रकार है भारतरू रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, आवेश खान, मुकेश कुमार। अफगानिस्तानरू इब्राहिम जादरान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), इकराम अलीखिल (विकेटकीपर), हजरतुल्लाह जजई, रहमत शाह, नजीबुल्लाह जादरान, मोहम्मद नबी, करीम जनत, अजमतुल्लाह उमरजई, शराफुद्दीन अशरफ, मुजीब उर रहमान, फजलहक फारूकी, फरीद अहमद , नवीन उल हक, नूर अहमद, मोहम्मद सलीम, कैस अहमद, गुलबदीन नायब, राशिद खान।

# रिंकू सिंह नें दूसरे मैच से पहले बहाया पसीना, ऐसा है इस बल्लेबाज का प्लान



रहमानुल्लाह गुरबाज ने भारतीय बल्लेबाज रिंकू सिंह के साथ प्रैंक किया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। गुरबाज ने फ्लाइट में रिंकू की नींद हराम कर दी है। भारत और अफगानिस्तान के बीच इन दिनों तीन मैचों की टी20 सीरीज खेली जा रही है।अफगानिस्तान के ओपनर रहमानुल्लाह गुरबाज ने भारतीय बल्लेबाज रिंकू सिंह के साथ प्रैंक किया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। गुरबाज ने फ्लाइट में रिंकू की नींद हराम कर दी है। भारत और अफगानिस्तान के बीच इन दिनों तीन मैचों की टी20 सीरीज खेली जा रही है। भारत ने मोहाली में खेला गया पहला मुकाबला अपने नाम किया। वहीं दूसरी मुकाबला अब रविवार को इंदौर में खेला जाएगा। गुरबाज का प्रैंक वीडियो आईपीएल टीम केकेआर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। गुरबाज और रिंकू आईपीएल में केकेआर के लिए खेलते हैं। केकेआर ने वीडियो के कैप्शन में लिखा, ष्क्लासिक भाईचाराष वीडियो में देखा जा सकता है कि रिंकू की आंखें बंद हैं और गुरबाज उनकी नाम में उगंली डाल रहे हैं। इतने में ही रिंकू सकपका कर उठ जाते हैं, पहले तो वह सीरियस नजर आते हैं लेकिन बाद में वो मुस्कुराने लगते हैं। हालांकि, पहले मुकाबले में गुरबाज ने 28 गेंदों में 23 रन की पारी खेली थी।

उन्होंने कप्तान इब्राहिम जादरान (25) के साथ मिलकर अर्धशतकीय ओपनिंग पार्टनरशिप की थी। वहीं रिंकू सिंह ने 9 गेंदों में नाबाद 16 रन बनाए।

# इंग्लैंड खिलाफ पहले दो टेस्ट मैच के लिए भारतीय टीम घोषित, ध्रुव जुरेल को मिला मौका

चोटिल होने के कारण कर्नाटक के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा के नाम पर भी विचार नहीं किया गया। पहला टेस्ट 25 जनवरी से हैदराबाद में और दूसरा मैच दो फरवरी से विशाखापत्तनम में खेला जाएगा। इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली टेस्ट श्रृंखला के शुरुआती दो मैचों के लिए चयनकर्ताओं ने भारतीय टीम की शुक्रवार को घोषणा कर दी। भारतीय टीम में विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल को मौका दिया गया है।रोहित शर्मा 16 सदस्यीय टीम का नेतृत्व करेंगे जबकि जसप्रीत बुमराह उपकप्तान होंगे। अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को टीम में शामिल नहीं किया गया क्योंकि वह पिछले साल हुए एकदिवसीय विश्व कप के दौरान लगी चोट से उबर रहे हैं। शमी हाल में दक्षिण अफ्रीका दौरे पर गई भारतीय टीम का भी हिस्सा नहीं थे। चोटिल होने के कारण कर्नाटक के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा के नाम पर भी विचार नहीं किया गया। पहला टेस्ट 25 जनवरी से हैदराबाद में और दूसरा मैच दो फरवरी से विशाखापत्तनम में खेला जाएगा। इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट के लिए भारतीय टेस्ट टीम इस प्रकार हैंरू रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), केएस भरत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, जसप्रीत बुमराह (उपकप्तान) और अवेश खान।

# सर्दियों में नहाने से पहले कर लिया ये काम, कभी नहीं फटेंगे होंठ, गाल और हाथ

हमारी त्वचा को सर्दियों का मौसम बिल्कुल भी रास नहीं आता है. सर्द हवाएं त्वचा को रूखा और बेजान बना देती है. देखभाल में कमी होने से होंठ, गाल और हाथ–पैर फठने लगते हैं. कई बार तो रूखापन ज्यादा बढने से खिंचाव अधिक आ जाता है, जिसकी वजह से खून तक रिसने लगता है. ऐसे में जरूरी है कि स्कीन को अच्छी तरह मॉइश्चराइज करके रखा जाए. बाजार में ढेरों मॉइश्चराइजर मिलते हैं, जिन्हें लगा सकते हैं लेकिन ये परमानेंट इलाज नहीं होता है. ऐसे में अगर नहाने से पहले एक काम कर लिया जाए तो कुछ ही दिनों में फर्क दिखने लगेगा और होंठ, गाल और हाथ कभी नहीं फटेंगे. आइए जानते हैं इस उपाय के बारे में. ..नहाने से पहले क्या करें

आयुर्वेद कहता है कि नहाने के पहले हर किसी को अपने शरीर को मॉइश्चराइज करना चाहिए. सर्दियों में शॉवर लेने के पहले तेल लगाना बेहद फायदेमंद हो सकता है. इससे त्वचा में लचीलापन आता है और सर्दियों में त्वचा की सिकुडन कम होती है. नहाने के पहले नारियल या तिल के तेल से शरीर की अच्छी तरह मसाज करें और नहानेके बाद शरीर को अच्छी तरह पोंछ लें. ऐसा करने से त्वचा को नेचुरल तरीके से मॉइश्चर मिल जाता है और एक्स्ट्रा तेल तौलिए से शरीर पोंछने पर साफ हो जाएगा.

नहाने से पहले तेल लगाने के 5 फायदे 1. सर्दियों में शरीर पर तेल लगाने से ड्राई स्किन की समस्या से छुटकारा मिलता है और स्किन को पोषण मिलता है. शरीर के टॉक्सिन्स बाहर आ जाते हैं और स्किन हेल्दी होती है. 2. नहाने से पहले शरीर का तेल से मसाज करने से ब्लड सर्कुलेशन



बेहतर बनता है और मसल्स को काफी आराम मिलता है. 3. नहाने से पहले चेहरे पर तेल लगाने से एजिंग से छुटकारा मिल सकती है. इससे चेहरे पर कसावट आती है और झुर्रियां खत्म होती हैं. 4. ठंड के मौसम में नहाने से पहले शरीर पर तेल लगाने से मांसपेशियां रिलैक्स होती हैं और थकान दूर हो जाती है. 5. नहाने से पहले शरीर पर तेल लगाने से जोड़ो में दर्द और सूजन की समस्या से राहत मिल सकती है.

# प्रेग्नेंसी में स्टाइल के साथ चाहिए कंफर्ट तो रुबीना दिलैक से लें आउटफिट आइडिया, मिलेगा स्टनिंग लुक

प्रेग्नेंसी के दौरान भी हर महिला स्टाइलिश लुक चाहती हैं। लेकिन अगर आप स्टाइलिश दिखने के साथ कंफर्ट से समझौता नहीं कर सकती हैं, तो आप एक्ट्रेस रुबीना दिलैक से कुछ आउटफिट आइडियाज ले सकती हैं। टेलिविजन एक्ट्रेस रुबीना दिलैक हाल ही में मां बनी हैं। उन्होंने दो जुड़वा बेबी गर्ल्स को जन्म दिया है। प्रेग्नेंसी के दौरान भी एक्ट्रेस लगातार फैशन गोल्स देती नजर आईं। ऐसे में अगर आप भी प्रेग्नेंसी के समय स्टाइलिश और कंफर्टेबल लुक पाना चाहती हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि किस तरह से आप भी एक्ट्रेस रुबीना दिलैक से कुछ आउटफिट्स आइडिया ले सकती हैं। बता दें कि आपको भी एक्ट्रेस रुबीना दिलैक की तरह अपनी वार्डरोब में लॉन्ग कुर्ती जरूर शामिल करना चाहिए। ऐसे में अगर आपको प्रेग्नेंसी में किसी फंक्शन में जाना हो, या घर पर ही कंफर्ट के साथ रहना हो, तो इस तरह का आउटफिट कैरी करने से आपको फ्लॉलेस लुक मिलेगा। इसके अलावा प्रेग्नेंसी के दौरान मैक्सी ड्रेसेस भी काफी अच्छी रहती हैं। यह पहनने में कंफर्टेबल होने के साथ ही कैरी करने में आसान होती है। इनको



पहनकर आप आसानी से कहीं भी जा सकती हैं। ऐसे में आप भी रुबीना दिलैक की इस ड्रेस से आउटफिट आइडिया ले सकती हैं।मिडी ड्रेस रुबीना दिलैक ने प्रेग्नेंसी के दौरान मिडी ड्रेस पहनकर अपने बेबी बंप को फ्लांट किया है। ऐसे में आप भी एक्ट्रेस की तरह अपने वार्डरोब में मिडी ड्रेस को शामिल कर सकती हैं। इस दौरान आपको इस तरह की ड्रेस में काफी

# एक्ने की समस्या से हो गए हैं परेशान तो नेचुरल तरीकों से करें इलाज, वापस आ जाएगा चेहरे का नूर

हमारे फेस पर कई एक्ने दाग भी छोड़ जाते हैं। चेहरे पर इन दागों के कारण आपका सेल्फ कॉन्फिडेंस लो होने लगता है। ऐसे में अगर आप भी इस समस्या से परेशान हैं, तो आप इन चीजों की मदद से एक्ने का इलाज कर सकते हैं। हमारी स्किन रोजाना धूल–मिट्टी, प्रदूषण और न जाने कितनी ही चीजों का सामना हर रोज करती है। इसके अलावा जंक फूड्स, तला भुना खाना, स्ट्रेस और हार्मोन्स हमारी स्किन को प्रभावित करता है। इन सभी चीजों के कारण एक्ने की समस्या होने लगती है। बता दें कि यह एक ऐसी समस्या है, जिसमें स्किन में मौजूद पोर्स क्लॉग होने लगते हैं। फिर इन्ही क्लॉग पोर्स में बैक्टीरिया एकत्र हो जाते हैं। जिस कारण उस जगह पर इंफ्लेमेशन हो जाता है। इसके अलावा हमारे फेस पर कई एक्ने दाग भी छोड़ जाते हैं। चेहरे पर इन दागों के कारण आपका सेल्फ कॉन्फिडेंस लो होने लगता है। इसलिए एक्ने का इलाज बहुत जरूरी होता है। हांलाकि आप कुछ नैचुरल चीजों की सहायता से भी एक्ने की समस्या को सही कर सकते हैं। ऐसे में अगर आप भी इस समस्या से परेशान हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि आप किन चीजों की मदद से एक्ने का इलाज कर सकते हैं। बता दें कि एलोवेरा काल्मिंग और सूदिंग गुणों के लिए जाना जाता है। एक्ने पर एलोवेरा का इस्तेमाल करने से इंफ्लेमेशन और एक्ने दोनों को ही कम कर सकती हैं। आप आसानी से अपने घर में एलोवेरा उगा सकते हैं। एक्ने से राहत दिलाने के साथ ही यह आपकी त्वचा को भी मॉइस्चराइज करने में भी मदद करता है। इसके लिए आप एलोवेरा के पत्तों को काटकर उसका जेल निकाल लें। फिर उस जेल को 10–15 मिनक के लिए अपने फेस पर लगाएं। इसके बाद समय पूरा होने पर ठंडे व साफ पानी से चेहरा धो लें। यह उपाय एक्ने कम करने में काफी मददगार साबित होता है।

# हर पत्रताधारी हो लाभान्वित सरकार की मंशा – रमापति

ब्यूरो

देवरिया (उ0प्र0) देवरिया जिले मे सबका साथ–सबका विकास और सबका विश्वास के सूत्र के वाक्य को साकार करने के लिये केन्द्र सरकार की विभिन्न जन–कल्याणकारी योजनाओं से प्रत्येक पात्रताधारी को लाभान्वित करने के लिये विकसित भारत संकल्प यात्रा विगत दिनों से चलाई जा रही है। इसमें लाभों से वंचित रह गये व्यक्तियों को लाभान्वित करने का कार्य भी किया जा रहा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सदर सांसद डा रमापति राम त्रिपाठी ने युवाओं से आह्वान किया कि हमें तकनीकी के इस युग में जानकारी के साथ जीवन जीना होगा। विकास के लिए विरासत को भी अपना हिस्सा बनाकर रखना होगा। श्री त्रिपाठी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में प्रधानमंत्री सड़क योजना शुरू की गई थी। इसका उद्देश्य गाँवों को सड़क मार्ग से जोड़ना था, जिससे बारहमासी आवागमन आसानी से हो सकें। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छोटे बच्चे का अन्नप्राशन संस्कार भी किया गया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चलाई जा रही जन–कल्याणकारी योजनाओं का लाभ गरीबों को मिल रहा है। गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत प्रधानमंत्री ने घोषणा की थी कि देश के 80 करोड़ लोगों को पिछले 3 साल से मुफ्त राशन दिया जा रहा है। जरूरतमंद एवं गरीब को भोजन का संकट न आए, इसलिए यह संकल्प प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा लिया गया है। विकसित भारत संकल्प यात्रा पर प्रकाश डालते हुए सदर विधायक डा शलभ मणि त्रिपाठी ने सभी उपस्थित विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों से योजनाओं के संतृप्तिकरण के बारे में जानकारी लेते हुए कहा कि इस यात्रा से योजनाओं के लाभों से वंचित रह गये पात्रता धारियों को लाभान्वित किया जाय। उन्होंने लाभान्वितों से कहा कि योजना का लाभ मिलने के बाद होने वाली खुशी को अन्य लोगों से भी साझा करना चाहिए। पहले के समय में व्यक्ति के पास कच्चा मकान होने से अपनी फसल को अन्यत्र रखना पड़ता था, किन्तु अब पक्के मकान बन जाने से लोगों की यह तकलीफ दूर हुई है। कार्यक्रम में पशुपालन विभाग, राजस्व विभाग, समाजकल्याण विभाग, कृषि विभाग सहित अन्य विभागों के जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी गण उपस्थित रहे साथ ही कार्यक्रम के संयोजक संजय तिवारी, डा राधेश्याम शुक्ला, मनीष सहाय, रत्नेश्वर गर्ग, राजन सोनकर, मंडल महामंत्री विपिन यादव,नवीन तिवारी, सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना भाटपाररानी में सुनी गयी समस्याएं

ब्यूरो

देवरिया (उ0प्र0) देवरिया जिले मे दिनांक 13.01.2024 को देवरिया के समस्त थानो पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समस्त थानों पर राजस्व के अधिकारी एवं पुलिस के अधिकारी मौजूद रहकर उनके द्वारा जनता की समस्याओं को सुना गया एवं संयुक्त रूप से राजस्व व पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुच कर कई समस्याओं का निस्तारण भी कराया गया। इसी क्रम मे जिलाधिकारी देवरिया अखण्ड प्रताप सिंह व पुलिस अधीक्षक देवरिया संकल्प शर्मा द्वारा थाना भाटपाररानी में जनसमस्याओं को



सुना गया जिसके क्रम में थाना भाटपाररानी पर कुल 02 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 01 प्रार्थना पत्र का निस्तारण कराया गया। शेष प्रार्थना पत्रों में राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम का गठन कर उनके निस्तारण हेतु संबन्धित को उचित दिशा निर्देश दिये गये। इस अवसर पर पुलिस विभाग एवं राजस्व विभाग के संबन्धित अधिकारीध्कर्मचारीगण मौजूद रहे। थाना समाधान दिवस के अवसर पर जनपद के समस्त थानों पर कुल 71 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 21 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया।

# राममंदिर के उद्घाटन पर किसानों को सोलर पम्प का तोहफा देगी सरकार–कृषि मंत्री

ब्यूरो

देवरिया (उ0प्र0) देवरिया जिले मे उद्घाटन के अवसर पर सभी लोग करे भजन कीर्तन–कृषि मंत्री देवरिया। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में नवनिर्मित राममंदिर का प्राण प्रतिष्ठा भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेगे। यह अवसर लम्बे संघर्ष के बाद मिला है, इस प्रकार का अवसर अब शायद कभी न मिले। 33 हजार करोड़ की परियोजनाओं से नई अयोध्या का निर्माण किया गया है। यह निर्माण इस प्रकार किया गया है कि राममंदिर को त्रेता युग के जैसी भव्यता प्रदान की जा सके। 22 जनवरी को उद्घाटन समारोह के बाद 25 जनवरी से रामलला का दर्शन हो सकेगा। इसलिए 14 जनवरी से पूरे प्रदेश में स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा जिसका शुभारम्भ प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ करेगे। यह अभियान 22 जनवरी तक चलेगा। उक्त बाते श्री शाही ने शनिवार को अपने राघव नगर स्थित आवास पर पत्रकारो से वार्ता करते हुए कही। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी का दिन पूरे भारतवासियों के लिए गौरव का दिन होगा,इस दिन रामलला अपने घर में प्रवेश करेगे। इसलिए गांव के लोग भी अपने–अपने गांव मे भजन कीर्तन सनातन व्यवस्था के अनुसार करें। 22 जनवरी को अवकाश घोषित कर यह प्रयास किया गया है कि गांव में इस दिन दीवाली जैसा माहौल रहे।उन्होंने कहा कि अयोध्या में 2 महीने के अन्दर लगभग 2 करोड़ श्रद्धालुओ के आने का अनुमान लगाया जा रहा है। इसके लिए 25 जनवरी से हर रोज 25 ट्रेन अयोध्या के लिए हर रोज संचालित की जायेगी। सुरक्षा और साफ सफाई का सरकार के तरफ से पूरा ध्यान दिया जायेगा ताकि अयोध्या का संदेश पूरे भारत में जा सके। श्रीराम जन्मभूमि को देरवहा बाबा ने आर्शीवाद दिया और कहा कि अयोध्या में मंदिर जरूर बनेगा। हमारी सरकार रामराज्य वापस ला रही है। उन्होंने कहा कि इतने बड़े अवसर पर सरकार ने किसानो को भी तोहफा दिया है। प्रदेश में 30 हजार सोलर पम्प खोलने का लक्ष्य रखा गया है ताकि किसानो को अच्छी सिचाई व्यवस्था मिल सकेगे और किसान सुदृढ़ बन सके। किसानो को सोलर पम्प पर केन्द्र व राज्य सरकार मिलकर 60 प्रतिशत अनुदान देगी



बाकी का अंशदान किसानो को देना पड़ेगा। उन्होने कहा कि किसान अब चाहे किसी भी फसल को बोये जैसे की मूगफली, बाजारा, मक्का, ज्वार हम सभी प्रकार की फसल खरीदने के लिए तैयार है और इसके लिए किसानो को अच्छा दाम भी दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि गन्ना मूल्य का भुगतान कर दिया गया है,जो थोड़ा बहुत गन्ना मूल्य का भुगतान नही हुआ है उसका भी भुगतान शीघ्र ही कर दिया जायेगा। हमारी सरकार किसानो को हर प्रकार से सुदृढ़ बनाने के लिए कटिबद्ध है।

# सूर्य के एक राशि से निकलकर दूसरे राशि मे जाने को कहते हैं संक्रांति – आचार्य अजय शुक्ल

## इस बार मकर संक्रांति का पर्व 15 को

देवरिया (उ0प्र0) देवरिया जिले मे सनातन धर्म व संस्कृति का प्रमुख पर्व मकर संक्रांति इस बार 15 जनवरी को मनाया जाएगा। इसी दिन ग्रहों के राजा भगवान सूर्य धनु राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश करते हैं।उक्त बातें बताते हुए आचार्य अजय शुक्ल ने कहा कि सूर्य के एक राशि से निकलकर दूसरी राशि में जाने को ही संक्रांति कहते हैं।एक संक्रांति से दूसरी संक्रांति का समय ही सौर मास है।ऐसी मान्यता है कि इस दिन भगवान भास्कर अपने पुत्र शनि देव से मिलने स्वयं उनके पास जाते हैं।चूँकि शनिदेव मकर राशि के स्वामी हैं, अतः इस दिन को मकर संक्रांति के नाम से जाना जाता है।इस त्योहार के दिन ब्रम्हबेला में उठकर पानी मे गंगा जल और काला तिल मिलाकर स्नान करना चाहिए।मान्यता है कि इस दिन जल में काला तिल मिलाकर स्नान करने से शनिदेव बेहद प्रसन्न होते हैं।साधक को सात अश्वमेध यज्ञ का पुण्य फल प्राप्त होता है।स्नान करने के बाद पवित्र होकर भगवान सूर्यदेव को अर्ध देना चाहिए।इस दिन शनिदेव को प्रसन्न करने के लिए काले रंग के वस्तुओं व सूर्य देव को प्रसन्न करने के लिए लाल चीजों का दान करना चाहिए।देश के विभिन्न क्षेत्रों में यह त्योहार कई तरह से मनाया जाता है, गुजरात व अगल बगल के प्रांतों में इस दिन पतंगबाजी की जाती है। इस दिन खरमास समाप्त हो जाता है, सनातन धर्म को मानने वाले लोगों के मांगलिक कार्य भी इस दिन से प्रारंभ हो जाते हैं।



# गरीब परिवार के बेटी की शादी में आड़े आ रहे धनाभाव में डीएम बने सहारा

ब्यूरो

देवरियारू (उ0प्र0) देवरिया जिले मे मिली जानकारी के अनुसार देवरिया जिले में तैनात जिलाधिकारी देवरिया का एक अतिमानवीय चेहरा सामने आया है। जहां इस जिले में तैनात आला जिलाधिकारी देवरिया अखंड प्रताप सिंह ने मानवीयता की एक नई मिसाल पेश की है। जब एक मानवीय पहल करते हुए उन्होंने एक निहायत ही गरीब परिवार की ऐसे समय में मदद की है। जब आज के समय में परिवार के लोग धनाभाव से जूझ रहे होने के कारण एक पिता को अपनी पुत्री की शादी करने के लिए कोई रास्ता नहीं सूझ रही थी। तब इस बिच ही डीएम ने इस परिवार का सहारा बनने का बीड़ा उठाया लिया है जब परिवार को उनके द्वारा एक लाख रुपए का चेक सौंपा गया है। जिलाधिकारी देवरिया अखण्ड



प्रताप सिंह की इस दरियादिली का एक तरफ हर शख्स प्रशंसा कर रहा है। वहीं आर्थिक तंगी से जूझ रहे परिवार में डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, हर्निया सहित कई बीमारियों से जूझ रहे गढ़वा मिश्र निवासी विश्राम कुमार को कुछ भी सूझ नहीं रहा था। कि आखिर 21 जनवरी को बेटी की शादी चुड़िया निवासी महेंद्र कुमार पुत्र रामलाल फेकन से होनी है इस होने वाली शादी की तैयारी बिल्कुल नहीं हो पाई है इसे कैसे पूरी करे।वहीं खराब सेहत की वजह से कई दिन तक अस्पताल में एडमिट रहे थे पिता। जिन्हें अभी हाल ही में उनको डिस्चार्ज किया गया है। वे खुद को आर्थिक और शारीरिक रूप से अक्षम महसूस कर रहे थे। जब उन्हें कुछ समझ में नहीं आ रहा था कि आखिर 21 तारीख को बिना किसी तैयारी के वे अपनी बेटी का कन्यादान कैसे करेंगे। कि इसी बीच वन स्टॉप सेंटर की टीम ने जिलाधिकारी को देवरिया को विश्राम कुमार के खराब सेहत और गरीबी की जानकारी दी। तब डीएम ने पूरी संजीदगी के साथ प्रकरण को लिया। और एक लाख रुपये का चेक विश्राम कुमार को सौंपा। डीएम ने हर संभव सहयोग के लिए आश्वस्त भी किया है और शादी के लिए शुभकामनाएं दी है। इस मानवीय पहल से अभिभूत विश्राम कुमार ने डबडबाई आंखों से जिलाधिकारी का तहे दिल से आभार वक्त किया। उन्होंने कहा कि डीएम साहब ने बहुत मुश्किल समय में उनकी मदद की है। परिवार के मुखिया का कहना है कि वाकई डीएम सर पूरे जनपद के अभिभावक है। वहीं उन्होंने जिलाधिकारी को 21 जनवरी को अपनी बेटी की शादी में आशीर्वाद देने के लिए आमंत्रित भी किया है।

# नारेबाजी कर निकाली रैली, बुंदेलखंड पृथक राज्य निर्माण की मांग

## – बुंदेलखंड लोकतांत्रिक पार्टी ने अशोक स्तंभ तले किया प्रदर्शन

बांदा। शनिवार को बुंदेलखंड पृथक राज्य निर्माण की मांग को लेकर बुंदेलखंड लोकतांत्रिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व डीजीपी सुलखान सिंह ने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ अशोक स्तंभ तले प्रदर्शन किया। इसके पूर्व पार्टी कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए रैली भी निकाली। बाद में प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। बुंदेलखंड लोकतांत्रिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुलखान सिंह ने प्रधानमंत्री को भेजे गए ज्ञापन में कहा है कि मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के कुछ जिलों को मिलाकर पृथक बुंदेलखंड राज्य के गठन के लिए तकरीबन चार दशक से भी अधिक समय से विभिन्न आंदोलन होते आ रहे हैं। लेकिन अभी तक हम बुंदेलियों की इच्छा का सम्मान नहीं किया गया। बताया कि बुन्देलखण्ड उत्त्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश के बीच बंटा हुआ है। बुन्देलखण्ड की अपनी पहचान इन दोनों राज्यों से अलग है। इस क्षेत्र में भौगोलिक, सांस्कृतिक, कृषि, वाणिज्य आदि की अपने में एकरूपता है। ज्ञापन में यह भी बताया गया कि बुन्देलखंड में पानी की भीषण समस्या है। सरकारों की उपेक्षा के चलते इस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। मांग की गई कि मध्य प्रदेश ओर उत्तर प्रदेश के निश्चित क्षेत्र को मिलाकर पृथक बुंदेलखंड राज्य सृजित किया जाए। इससे पहले पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी के साथ रैली निकाली। यह रैली कहचरी स्थित अशोक स्तंभ स्वतंत्रता स्मारक से आंरभ हुई और रोडवेज बस स्टैंड, बंगाली टोला, प्रधान डाकघर, आदर्श बजरंग इंटर कालेज, बाबूलाल चौराहा, चौक बाजार, महेश्वरी देवी चौराहा, बलखंडी नाका तिराहा होते हुए अशोक स्तंभ वापस लौटकर संपन्न हो गई। बुंदेलखंड पृथक राज्य निर्माण की मांग को लेकर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुलखान सिंह ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा।

# जहरीला पदार्थ खाने से विवाहिता की मौत

बांदा। दो दिन पूर्व नवविवाहिता ने जहरीला पदार्थ खा लिया था। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहां से चिकित्सक ने मेडिकल कालेज रेफर किया था। उपचार के दौरान शुक्रवार की दोपहर को उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम कराया है। मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले के गौरिहार थानांतर्गत पहरा गांव निवासी हेमा (21) पत्नी रामखेलावन ने गुरुवार को घेरलू कारणों के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया था, हालत बिगडने पर घरवालों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। वहां पर उपचार के बाद युवती को मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। वहां पर शुक्रवार को दोपहर हेमा की मौत हो गई। पत्नी की मौत हो जाने से पति बदहवास हो गया। पति ने बताया कि घर में किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं थी। वह एक ढाबे में काम करता था, लेकिन तीन महीने से वह कहीं काम पर नहीं जा रह था, घर में ही था। उसकी पत्नी ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या क्यों की, इस बात की उसे जानकारी नहीं है। मालुम हो कि कुछ महीनों पूर्व ही युवक की शादी हुई थी।

# इलाज में आड़े आई आर्थिक तंगी, दुकानदार ने फांसी लगाकर जान दी

बांदा। खुद और बीमार पत्नी का इलाज करा पाने में आड़े आ रही आर्थिक तंगी से परेशान होकर दुकानदार ने शनिवार की रात को डिस के तार से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। सुबह पत्नी ने पति का शव फंदे पर लटकते हुए देखा तो चीख पड़ी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। नगर के गायत्री नगर मोहल्ला निवासी रामलखन कुशवाहा (42) पुत्र रामप्रताप मूलरूप से बिसंडा थाना क्षेत्र के कोनी गांव का रहने वाला है। शहर स्थित अपने मकान में रहकर वह चाय की दुकान किए हुए था। चाय की दुकान चलाकर वह अपना और परिवार का भरण पोषण करता था। शुक्रवार की रात को सभी लोगों ने एक साथ खाना खाया और फिर सो गए। रात को किसी वक्त नींद से जागे रामलखन ने दूसरे कमरे में जाकर डिस तार का फंदा बनाया और फांसी झूल गया, इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। शनिवार की सुबह पत्नी अंजू ने देखा तो पति का शव फंदे पर लटक रहा था, यह देखकर अंजू दहाड़े मारकर रो पड़ी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के भाई पप्पू ने बताया कि रामलखन बीमार रहता था, इसके साथ ही उसकी पत्नी अंजू भी बीमार रहती थी। दोनो का उपचार हो रहा था। चाय की दुकान से होने वाली आमदनी नाकाफी थी। इसके चलते आर्थिक परेशानी से जूझ रह था। इसी के चलते रामलखन ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। इसके अलावा अन्य कोई दूसरा कारण नहीं है। मृतक के दो पुत्री और एक पुत्र है। पत्नी अंजू समेत परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है।

# पूर्व सांसद और विधायक ने वितरित किए अक्षत और पत्रक

## –जनप्रतिनिधियों ने व्यापारियों से की भेंट, दिया आमंत्रण

नरैनी।अयोध्या धाम से प्राप्त पूजित अक्षत पत्रक लेकर रामभक्तों ने कस्बे में घर–घर पहुंचाया। गाजे बाजे और जयकारों के साथ क्षेत्रीय विधायक और पूर्व सांसद ने व्यापारियों से भेंट की और 22 जनवरी को होने वाले श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा समारोह को सभी घरों और मंदिरों में मनाने का आमंत्रण दिया।

आगामी 22 जनवरी को राम जन्मभूमि अयोध्या में निर्मित विश्व प्रसिद्ध भव्य राम मंदिर में मर्यादा पुरोषत्तम श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा दिव्य विग्रह समारोह होने जा रहा है। रामभक्त उस दिन अपने गांवों, कस्बों, घरों और मंदिरों को अयोध्या की तरह सजाकर भजन कीर्तन करें और संध्या के समय दीप जलाकर दीपावली मनाएं, ऐसा आमंत्रण शनिवार को कस्बा के सैकड़ों रामभक्तों ने विधायक ओममणी वर्मा और पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्र के नेतृत्व में मुख्य बाजार में सभी व्यापारियों को पूजित अक्षत और पत्रक देकर आमंत्रित किया। इस दौरान साथ में चल रहे रामभक्त गगन भेदी जयकारा लगा रहे थे। विधायक और पूर्व सांसद ने सभी व्यापारियों से 22 जनवरी को अपने घरों, पास के मंदिरों को सजाकर दीपावली मनाने तथा भगवत भजन करने का आग्रह किया। इस अवसर पर राम जन्भूमि प्राण प्रतिष्ठा समिति के खंड संयोजक विपिन दीक्षित, आरएसएस के खंड प्रचारक यश, मनभावन मिश्र, नगर पंचायत के सभासद ज्ञानेंद्र पाण्डेय, आदित्य त्रिपाठी, संतोष शिवहरे, नीरज रैकवार, न्यू इंडियन ग्रुप के अध्यक्ष आशीष विश्वकर्मा, विनोद गुप्ता, जीतू लखेरा, सुमित गुप्ता, विपिन त्रिवेदी, मोंटी दीक्षित और कस्बा के ओमप्रकाश पाण्डेय, वेदप्रकाश उर्फ राजा पाण्डेय, राजाभइया मिश्र, राकेश दीक्षित, लक्ष्मी नारायण तिवारी, राहुल तिवारी, प्रवीण गौतम, उमेश विश्वकर्मा सहित लगभग एक सैकड़ा रामभक्त मौजूद रहे।

# खेल जीवन और स्वास्थ्य के लिए बहुमूल्य एडीएम

बांदा। राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर में दो दिवसीय 46वां वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दूसरे दिन कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि एडीएम राजेश कुमार ने किया। इस दौरान विशिष्ट अतिथि शिवकुमार गुप्ता और विजय ओमर भी मौजूद रहे। प्रतियोगिताओं का संचालन क्रीड़ा समिति के डा. जयंती सिंह प्रभारी, डा. सबीहा रहमानी (सह प्रभारी), डा. विनय कुमार पटेल, डा. वीरेंद्र प्रताप चौरसिया ने किया। क्रीड़ा प्रतियोगिता के दूसरे दिन आउटडोर गेम लंबी कूद, ऊंची कूद, कब्बड्डी का आयोजन किया गया। तकनीकि सहयोग राजकीय महाविद्यालय चरखारी, महोबा के प्रो. संजीव गुप्ता और कब्बड्डी चौंपियन फरीद बाबा ने दिया। एडीएम ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि खेल जीवन के लिए बहुमुल्य है। इससे मानव का सर्वांगीण विकास होता है। खेलों में आज महिलाएं विश्व स्तर पर अपना नाम रोशन कर रही हैं। प्राचार्य प्रो. दीपाली गुप्ता ने खेलों की मानव जीवन में क्या उपयोगिता है और इसके द्वारा कैसे कैरियर बनाया जा सकता है, के बारे में बताया। सभी प्रतियोगिताओं के समापन के के बाद विजेताओं को प्रमाण–पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

## पार्क व चौराहें का हो सुन्दरीकरण

बांदा। आरटीआई एक्टिविस्ट कुलदीप शुक्ला ने नगर विकास मंत्री को पत्र भेजकर मांग की है कि मण्डल के सभी शहर व कस्बों का सुन्दरीकरण कराया जाए। श्री शुक्ल ने कहा कि चित्रकूट धाम मण्डल मुख्यालय का कोई भी जनपद नगर निगम नहीं है। ऐसे में यहां नगर पालिका व नगर पंचायतें ही कार्य कर रही हैं। शहरों की तर्ज पर यहां भी सभी जगह पार्क व चौराहों का सुन्दरीकरण कराया जाय। इससे स्थानीय निवासियों सहित यहां आने वाले पर्यटकों को भी स्मार्ट सिटी जैसा अनुभव हो सके। शहर अब स्मार्ट सिटी जैसा लगने लगा है। इसी तरह महोबा, हमीरपुर व चित्रकूट की नगर पंचायतों को भी स्मार्ट बनाया जाए।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया
स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
सम्पादक–शील कुमार शुक्ला
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।